चैत्र नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं

आज की खबर आज ही

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

चेतना मंच

वर्ष : 26 | अंक : 114 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, मंगलवार, 16 अप्रैल, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8

अष्टम महागौरी

आज अष्टांग योग की अधिष्ठात्री देवी महागौरी की पूजा-अर्चना होगी। सौभाग्य, धन-संपदा, सौंदर्य और स्त्री जनित गुणों की अधिष्ठात्री देवो महागौरी हैं। भगवान शिव ने मां काली पर गंगाजल छिड़का तो वह महागौरी हो गईं। महागौरी सृष्टि का आधार एवं अक्षत सुहाग की प्रतीक हैं। देवी के इस रूप की पूजा-अर्चना विवाहित महिलाओं को अखंड सौभाग्य का फल प्रदान करती है।

उपासना मंत्र

सर्वमंगल मांगल्ये शिवे सवार्थसाधिके। शरण्येत्रयंबके गौरी नारायणी नमोस्तुते।

बाबा रामदेव सार्वजनिक माफी मांगने को तैयार

सुप्रीम कोर्ट में बाबा रामदेव व आचार्य बालकृष्ण बोले, हमसे गलती हुई

नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट में आज पतंजलि के भ्रामक विज्ञापन मामले में योग गुरु स्वामी रामदेव के माफीनामे पर सुनवाई हुई। बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण भी सुप्रीम कोर्ट में मौजूद रहे। बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण व्यक्तिगत तौर पर सुप्रीम कोर्ट माफी मांगी। सुनवाई के बाद सुप्रीम कोर्ट ने साफ कर दिया कि पतंजलि की माफी अभी स्वीकार नहीं की गई है। वहीं बाबा रामदेव के वकील मुकुल रोहतगी ने कोर्ट को बताया कि बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण सार्वजनिक रूप से माफी मांगने को तैयार हैं।

सुप्रीम कोर्ट में आज पतंजलि के भ्रामक विज्ञापन मामले में योग गुरु स्वामी रामदेव के माफीनामे पर सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने स्वामी रामदेव से पूछा कि आपने कहा था कि कुछ और भी दाखिल करना चाहते हैं, कुछ अतिरिक्त दाखिल किया गया? इस पर रामदेव के लिए मुकुल रोहतगी ने कहा कि हमने अभी कुछ फाइल नहीं किया है, लेकिन हम (शेष पृष्ठ-3 पर)

बालकृष्ण और स्वामी रामदेव बोले- हमसे हुई गलती



आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि ये भूल अज्ञानता में हुई है, हमारे पास सबूत हैं। जस्टिस अमानुल्ला ने कहा कि आप एलोपैथी पे उंगुली नहीं उठा पाएंगे, ये सही नहीं है। इस पर स्वामी रामदेव ने कहा कि हमने उत्साह में आकर ये कर दिया है। हम आगे सजग रहेंगे। हम एलोपैथी के बारे में कुछ नहीं बोलेंगे।

23 अप्रैल को होगी अगली सुनवाई

जस्टिस कोहली ने कहा, 'इतने इनोसेंस कोर्ट में नहीं चलते हैं कि आज आप माफी मांग रहे हैं, ऐसा नहीं चलता है।' इस पर स्वामी रामदेव ने कहा कि इस तरह की गलती दोबारा नहीं होनी चाहिए. इसके बाद जस्टिस कोहली ने कहा कि आपका पिछला इतिहास खराब है, हम इस पर विचार करेंगे कि आपकी माफी स्वीकार की जाए या नहीं। आपने लगातार उल्लंघन किया हैं। वहीं जस्टिस अमानुल्ला ने कहा कि आप दिल से माफी नहीं मांग रहे हैं। यह ठीक नहीं है।

सीमा हैदर फैमिली कोर्ट में तलब

सचिन-सीमा की शादी में गये बारातियों व पंडित को नोटिस

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। पाकिस्तान से नेपाल के रास्ते भारत आकर शादी करने वाली सीमा हैदर को फैमिली कोर्ट ने तलब किया है। दरअसल सीमा और सचिन ने अपनी शादी की सालगिरह मनाई थी जिसको सीमा के पाकिस्तानी पति गुलाम हैदर ने कोर्ट में याचिका दायर कर चुनौती दी थी। इस मामले में कोर्ट ने सीमा-सचिन की शादी कराने वाले वकील एपी सिंह, पंडित और बारातियों को नोटिस भेजा है। साथ ही सीमा को कोर्ट में हाजिर होने को कहा है।

सीमा के पाकिस्तानी पति गुलाम हैदर के वकील मोमिन मलिक ने बताया कि उनकी याचिका जिला न्यायालय की फैमिली कोर्ट ने स्वीकार कर ली है। कोर्ट ने शादी कराने वाले पंडित को समन जारी किया है। इसके अलावा गुलाम हैदर ने अपने सीमा के साथ भारत आए नाबालिग बच्चों के धर्म परिवर्तन पर भी सवाल उठाया है। इस मामले में अब अगली सुनवाई 27 मई को होगी। (शेष पृष्ठ-3 पर)

सिक्योरिटी गार्ड पर साथियों ने किया हमला

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। सेक्टर-1 की एक कंपनी में कार्यरत सिक्योरिटी गार्ड ने अपने साथियों के साथ मिलकर साथी सिक्योरिटी गार्ड पर जानलेवा हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित सिक्योरिटी गार्ड के बेटे ने थाना फेस वन में तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

सेक्टर पाई-1 ग्रेटर नोएडा निवासी एडवोकेट रोहित चौधरी ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि उसके पिता धनेश सिंह केस सिक्योरिटी एजेंसी में सिक्योरिटी गार्ड का काम करते हैं। उनकी ड्यूटी सेक्टर एक स्थित इंडियन ऑयल कंपनी में लगी हुई है। उसके पिता जब दोपहर की शिफ्ट में ड्यूटी पर पहुंचे तो वहां पहले से मौजूद सिक्योरिटी गार्ड अरविंद कुमार तथा उसके दो अन्य साथियों ने गाली गलौज शुरू कर दी। उन्होंने जब इस बात का विरोध किया था अरविंद व उनके साथियों ने (शेष पृष्ठ-3 पर)

बसपा ने बाहुबली धनंजय सिंह की पत्नी को दिया टिकट

लखनऊ (ब्यूरो)। लोकसभा चुनाव को लेकर बहुजन समाज पार्टी ने 11 और उम्मीदवारों की लिस्ट जारी कर दी है। मैनपुरी सीट से बसपा ने उम्मीदवार बदल दिया है। जौनपुर से बाहुबली धनंजय सिंह की पत्नी श्रीकला सिंह को टिकट दिया गया है। उधर भाजपा ने भी उप्र की दो लोकसभा और उप्र की चार विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव के लिए भी प्रत्याशियों के नाम घोषित कर दिए हैं। जानकारी के अनुसार, बसपा ने यह पांचवीं सूची जारी की है। इस सूची में 11 उम्मीदवारों के नाम का एलान किया गया है। (शेष पृष्ठ-3 पर)

● डिम्पल यादव के खिलाफ प्रत्याशी बदला

भाजपा ने जारी की प्रत्याशियों की 12वीं लिस्ट

नई दिल्ली (एजेंसी)। लोकसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी ने अपने उम्मीदवारों की एक और सूची जारी कर दी है। इस सूची में भारतीय जनता पार्टी ने सात उम्मीदवारों का ऐलान किया गया है। उत्तर प्रदेश की दो सीटों पर भारतीय जनता पार्टी ने अपने उम्मीदवारों का ऐलान किया है। वहीं महाराष्ट्र की एक लोकसभा सीट के अलावा पंजाब की तीन, और पश्चिम बंगाल की एक साट पर उम्मीदवार उतारा है। भारतीय जनता पार्टी ने अपने उम्मीदवारों की 12वी लिस्ट जारी कर दी है। भारतीय जनता पार्टी (शेष पृष्ठ-3 पर)

छात्रों, मजदूरों व युवाओं को सप्लाई करते थे गांजा

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। थाना बिसरख पुलिस ने चेकिंग के दौरान अलग-अलग स्थान से तीन गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से 29 किलो गांजा बरामद हुआ है। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त एक होंडा सिटी कार व स्कूटी भी जब्त की है। पकड़े गए तस्कर युवाओं, छात्रों व मजदूरों को गांजा बेचते थे।

थाना प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया कि उप निरीक्षक प्रमोद कुमार सीडीटी टीम के उप निरीक्षक भरत सिंह एसीई सिटी गोल चक्कर पर वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान सूरजपुर की तरफ से आ रही एक होंडा सिटी कार को पुलिस कर्मियों ने रुकने का इशारा किया। पुलिस को देखकर चालक ने कार को रॉन्ग साइड भगाने का प्रयास किया। कुछ दूर पीछा करने के बाद पुलिस टीम ने कार को रुकवा लिया कर की तलाशी लेने पर उसमें से

● 29 किलो गांजे के साथ 3 गिरफ्तार

24 किलो 924 ग्राम गांजा बरामद हुआ। पुलिस टीम ने कार सवार सोनू व मंतोष उर्फ कल्पू बताया। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने बताया कि वह उड़ीसा से सस्ते दामों पर गांजा खरीद कर लाते हैं और एनसीआर में ग्राहक मिलने पर महंगे दामों पर बेच देते हैं। इसके अलावा वह युवाओं, छात्रों तथा मजदूरों को भी गांजे की बिक्री करते हैं।

थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस की दूसरी टीम को सूचना मिली थी स्कूटी पर एक युवक गांजा लेकर आ रहा है। पुलिस टीम ने खैरपुर गोल चक्कर की सर्विस रोड

क्राइम फाईल

नोएडा से दो किशोरियां लापता

नोएडा (चेतना मंच)। अलग-अलग थाना क्षेत्र से दो किशोरिया संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज किया है।

थाना फेस वन क्षेत्र के हरौला गांव में किराए पर रहने वाली विनीता (काल्पनिक नाम) ने बताया कि उसकी 17 वर्षीय बेटी 1 अप्रैल की रात को घर से बिना बताए कहीं चली गई। इसके बाद वह वापस नहीं लौटी। उन्होंने अपनी बेटी की काफी तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला।

वहीं थाना सेक्टर-142 क्षेत्र के ग्राम गढ़ी शाहदरा में रहने वाले राकेश (काल्पनिक नाम) की 16 वर्ष से बेटी बीते 14 अप्रैल को किसी काम से घर से बाहर गई थी। इसके बाद वह घर वापस नहीं लौटी। देर शाम तक वापस न लौटने पर उन्होंने अपनी बेटी की काफी तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला। पुलिस का कहना है कि पीड़ितों की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और किशोरियों की तलाश की जा रही है।

निर्माणाधीन मकान में चोरी

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। ग्रेटर नोएडा क्षेत्र के स्वर्ण नगरी के एक निर्माणाधीन मकान में चोरों ने दो बार चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोर मकान से सेनेटरी का सामान, वाइब्रेटर की मोटर, मोबाइल आदि चोरी करने गए।

स्वर्ण नगरी निवासी ब्रह्मदेव शर्मा ने बताया कि उनके मकान में निर्माण कार्य चल रहा है। मकान में बिजली फिटिंग के लिए वायरिंग का काम पूरा हो चुका था। 11 अप्रैल को उनके मकान से सेनेटरी का सामान चोरी हो गया। चोर उनके मकान से पीवीसी, बिजली वायरिंग, वाइब्रेटर मोटर व एक मोबाइल फोन चोरी कर ले गए। चोरों ने 12 अप्रैल को भी उनके मकान में चोरी की घटना की। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच की जा रही है।

कल से शुरू हो जाएगी समुचित गंगाजल की आपूर्ति!

आज दोपहर तक मरम्मत हो जाएगी क्षतिग्रस्त पाइप लाइनः शुक्ला

नोएडा (चेतना मंच)। पिछले तीन दिनों से छिजारसी के पास क्षतिग्रस्त गंगा जल आपूर्ति की पाइप लाइन क्षतिग्रस्त होने से नोएडा में गंगा जल की आपूर्ति बाधित हो रही है जिससे लोगों को समुचित पानी नहीं मिल पा रहा है। लेकिन अब कल रामनवमी से सुचारू रूप से गंगाजल की आपूर्ति शुरू हो जाएगी।

नोएडा प्राधिकरण के जल एवं सीवर विभाग के महाप्रबंधक आर.पी. सिंह का कहना है कि क्षतिग्रस्त पाइप लाइन की मरम्मत आज दोपहर तक पूरी होने की संभावना है। आज रात या कल सुबह से विधिवत गंगाजल की आपूर्ति शुरू हो जाएगी।

उधर सिद्धार्थ विहार गंगाजल प्लांट व जल विभाग के अधिशासी अभियंता उम्मेश शुक्ला का कहना है कि 15 मीटर पाइप लाइन डलनी बाकी रह गई है। आज यह पाइप लाइन बदल दी जाएगी। उन्होंने बताया कि 100 मीटर पाइप लाइन को बदलकर माइल्ड स्टील की पाइप लाइन डाली जा रही है ताकि भविष्य में कोई समस्या न हो। (शेष पृष्ठ-3 पर)

मतदान के लिए वेतन समेत अवकाश मंजूर करें

उल्लंघन करने वाले प्रतिष्ठानों पर होगी कार्यवाही : मनीष वर्मा

नोएडा (चेतना मंच)। मतदान के लिए जिस उपक्रम या प्रतिष्ठान में कर्मचारियों को अवकाश नहीं दिया तथा उस दिन वेतन समेत अवकाश स्वीकृत नहीं किया तो उस प्रतिष्ठान के खिलाफ वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। यह चेतावनी जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने दी है।

उन्होंने बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि जनपद गौतमबुद्धनगर स्थित विभिन्न कारोबार, व्यवसाय, औद्योगिक या अन्य प्रतिष्ठानों में कार्यरत ऐसे कार्मिक जिन्हें किसी अन्य जनपद या प्रान्त में अपने मताधिकार का प्रयोग करना है,

उन्हें उनके नियोजकों द्वारा सम्बन्धित प्रान्त या जनपद में होने वाले मतदान दिवस पर मतदान करने का अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से उक्त दिवस का सवेतनिक अवकाश स्वीकृत किया जायेगा। इस आदेश का उल्लंघन करने वाले नियोजकों के विरूद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135ख के (शेष पृष्ठ-3 पर)

शादी में आए दंपत्ति को दबंगों ने पीटा

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। जेवर खादर में अपने ससुराल में शादी में शामिल होने आए पति-पत्नी को दबंगों ने जमकर पीटा। मारपीट कर घायल करने के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पीड़ित ने थाना जेवर में चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। वृंदावन जनपद मथुरा निवासी राजवीर ने बताया कि वह 14 अप्रैल को अपनी पत्नी रेखा के साथ अपने ससुराल में आयोजित एक शादी में सम्मिलित होने के लिए आया था। शादी समारोह में खाना खाने के बाद वह अपने साले जगमोहन सिंह के घर जा रहा था। रास्ते में उसे शिवकुमार उर्फ सिक्कू, रोहित उर्फ हेतराम, अजय व आकाश ने रोक लिया और गाली गलौज शुरू कर दी। उसने जब गाली देने से मना किया तो चारों लोगों ने लात घूंसों से उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। राजवीर के मुताबिक किसी तरह वह और उसकी पत्नी इन लोगों से बचकर अपने साले जगमोहन के घर पहुंचे। पीछे-पीछे आरोपी भी घर में घुस आए और वहां पर भी उनके साथ लाठी डंडों से मारपीट की। शोर सुनकर उसके ससुराल वाले मौके पर आ गए और किसी तरह (शेष पृष्ठ-3 पर)

ससुरालियों ने बहु को पीटा, गला दबाकर जान लेने की कोशिश

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। थाना बिसरख में एक महिला में अपने पति, सास सहित चार लोगों के खिलाफ पीछा कर मारपीट करने तथा अपहरण का प्रयास करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़िता का कहना है कि उसने अपने ससुराल वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा रखा है। आरोपी मुकदमा वापस न लेने पर उसे जान से मारने की धमकी दे रहे हैं।

गाजियाबाद निवासी अंजलि (काल्पनिक नाम) ने बताया कि बीते 14 अप्रैल को वह गाजियाबाद के भोपुरा से आ रही थी। इस दौरान उसका पति शुभम नरवाल, सास राजबाला नरवाल, नंदोई प्रवेश व अंतिल (शेष पृष्ठ-3 पर)

कल नहीं मनेगा नोएडा का 49वां स्थापना दिवस

नोएडा (चेतना मंच)। कल 17 अप्रैल को हर वर्ष की भांति मनाया जाने वाला नोएडा प्राधिकरण का 49वां स्थापना दिवस चुनाव की भेंट चढ़ गया है। कल 49वें स्थापना दिवस पर न तो कोई सांस्कृतिक व अन्य कार्यक्रम होंगे और न ही किसी परियाजना का शिलान्यास तथा लोकार्पण होगा।

बता दें कि 17 अप्रैल 1976 को नोएडा अस्तित्व में आया। इसलिए हर वर्ष 17 अप्रैल को स्थापना दिवस मनाया जाता है। लेकिन चूंकि इस वर्ष लोकसभा के चुनाव चल रहे हैं तथा समूचे देश में आदर्श चुनाव आचार संहिता लगी है इसी लिए इस वर्ष नोएडा प्राधिकरण अपना 49वां स्थापना दिवस नहीं मना पा रहा है।

नोएडा प्राधिकरण के शीर्ष अधिकारियों का कहना है कि चुनाव सम्पन्न हो जाने के बाद स्थापना दिवस मनाया जाएगा। इसकी तिथि की घोषणा बाद में की जाएगी।

RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

युद्ध के हालात

कहावत है कि पूरा विश्व ही एक कुटुम्ब जैसा है। यह दौर शांति, स्थिरता और सहयोग का है, लिहाजा युद्ध की गुंजाइश नगण्य है, लेकिन रूस-यूक्रेन युद्ध ने तमाम मान्यताओं को झुठला दिया है। बेशक विश्व-युद्ध न छिड़ा हो, लेकिन आसार हररोज वैसे ही बनते रहे हैं। जिस तरह दुनिया की ताकतें विभाजित रही हैं, उसके मद्देनजर यह विश्व-युद्ध का ही एक रूप है। यह युद्ध जारी है, लेकिन बीते 6 माह के दौरान इजरायल और हमास की हुकूमत वाली गाजा पट्टी में लगभग नरसंहार जारी रहा है। करीब 35,000 मासूम लोगों की हत्या कर दी गई। असंख्य घायलों के कुचले-मसले चेहरे बेहद पीड़ादायक हैं और हवाई हमलों ने जो विध्वंस किए हैं, न जाने उनका पुनर्निर्माण कब होगा? हालांकि सतही तौर पर युद्ध-विराम कराया गया है। संयुक्त राष्ट्र संघ की बैठकों में नरसंहार पर विराम लगाने के प्रस्ताव पारित किए गए हैं, लेकिन इजरायल अपनी बेलगाम आक्रामकता से बाज नहीं आता और संघर्ष-विराम पर वह अपनी मनमर्जी के फैसले लेता रहा है। चूंकि इजरायल-हमास युद्ध के दौरान ईरान, यमन, लेबनान, कतर आदि देश फलस्तीनियों के घोर समर्थक रहे थे, लिहाजा अब ऐसी नौबत आ गई है कि इजरायल और ईरान के दरमियान युद्ध जैसा तनाव उभर आया है। विशेषज्ञों का मानना है कि ईरान कभी भी इजरायल पर हमला बोल सकता है। यह तनाव इतना बढ़ गया है कि एक ही दिन में अमरीकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन को तुर्किये, चीन, सऊदी अरब के विदेश मंत्रियों से बातचीत करनी पड़ी। यह समझाने की कोशिश की जा रही है कि मध्य-पूर्व में तनाव बढ़ता है, तो वह किसी के हित में नहीं होगा। अमरीका ने ईरान को सचेत किया है कि वह हमला न करे। ईरान के साथ अमरीका का तनाव काफी पुराना है, जाहिर है कि ईरान अमरीका के परामर्श को भाव न दे। दरअसल सीरिया में ईरानी दूतावास पर हमले के लिए इजरायल को जिम्मेदार ठहराया गया था। हालांकि इजरायल ने उन आरोपों को खारिज किया था। उस हमले में 'इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स' के वरिष्ठ सदस्य मारे गए थे, लिहाजा ईरान पर दबाव रहा है कि वह अपने जांबाजों की मौत का बदला ले। यदि ईरान बदला लेता है, तो अरब दुनिया में एक नया युद्ध छिड़ जाएगा। यदि युद्ध का विस्तार होता है, तो भारत के 1.1 लाख करोड़ रुपए के कारोबार पर संकट छा सकता है। ईरान के साथ भारत का 20,800 करोड़ रुपए का कारोबार है। भारत चाय, कॉफी और चीनी ईरान को निर्यात करता है। ईरान से हमने पेट्रोलियम कोक, नट्स और एसाइक्लिक एल्कोहल समेत अन्य चीजों का करीब 5500 करोड़ रुपए का आयात किया। ईरान की चाबहार बंदरगाह और उससे लगे चाबहार स्पेशल इंडस्ट्रियल जोन में भी भारत साझेदार है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, 2023 में इजरायल के साथ भारत ने करीब 89,000 करोड़ रुपए का कारोबार किया था। इसमें से करीब 70,000 करोड़ रुपए का निर्यात शामिल था। कारोबार के अलावा, इजरायली सरकार ने घोषणा की थी कि मजदूरों की कमी से निपटने और निर्माण उद्योग की सहायता के लिए 6000 से अधिक भारतीय श्रमिक अप्रैल-मई में इजरायल आएंगे। युद्ध के आसार बनने के कारण भारत सरकार को परामर्श जारी करना पड़ा है कि भारतीय ईरान और इजरायल की यात्रा न करें। ईरान में करीब 4000 भारतीय रहते हैं और इजरायल में 18,500 के करीब प्रवासी भारतीय बसे हुए हैं। असमंजस के इन हालात में भारत सरकार क्या करेगी? युद्ध की आशंका के कारण कच्चा तेल 85 डॉलर से महंगा होकर 90 डॉलर प्रति बैरल हो गया है। नीदरलैंड ने तेहरान में अपना दूतावास बंद कर दिया है। ऑस्ट्रेलिया ने पर्थ से लंदन जाने वाली उड़ानों का रूट बदल दिया है। भारत ने भी ईरान हवाई क्षेत्र से गुजरने वाली उड़ानों के रास्ते बदल दिए हैं। हालात युद्ध जैसे बन चुके हैं। हमास और हिजबुल्ला सरीखे निर्मम, खूंख्वार आतंकी संगठनों के पक्ष में ईरान की भूमिका को सराहा नहीं जा सकता। इजरायल और उसके पक्ष में अमरीका की जंगी तैयारियों की भी प्रशंसा नहीं की जा सकती। कारोबार और आपूर्तियां बाधित होंगी, तो यह नया युद्ध भी निंदनीय है।

रामचरित मानस

कल के अंक में आपने पढ़ा था कि उसे देखकर माया सकुचा जाती है। उस पर वह अपनी प्रभुता कुछ भी नहीं कर (चला) सकती। ऐसा विचार कर ही जो विज्ञानी मुनि हैं, वे भी सब सुखों की खानि भक्ति की ही याचना करते हैं॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।

सोउ मुनि ग्याननिधान मृगनयनी बिधु मुख निरखि।
बिबस होइ हरिजान नारि बिष्नु माया प्रगट॥

वे ज्ञान के भण्डार मुनि भी मृगनयनी (युवती स्त्री) के चंद्रमुख को देखकर विवश (उसके अधीन) हो जाते हैं। हे गरुड़जी! साक्षात भगवान विष्णु की माया ही स्त्री रूप से प्रकट है॥

इहाँ न पच्छपात कछु राखउँ। बेद पुरान संत मत भाषउँ॥
मोह न नारि नारि कें रूपा। पन्नगारि यह रीति अनूपा॥

यहाँ मैं कुछ पक्षपात नहीं रखता। वेद, पुराण और संतों का मत (सिद्धांत) ही कहता हूँ। हे गरुड़जी! यह अनुपम (विलक्षण) रीति है कि एक स्त्री के रूप पर दूसरी स्त्री मोहित नहीं होती॥

माया भगति सुनहु तुम्ह दोऊ। नारि बर्ग जानइ सब कोऊ॥
पुनि रघुबीरहि भगति पिआरी। माया खलु नर्तकी बिचारी॥

आप सुनिए, माया और भक्ति- ये दोनों ही स्त्री वर्ग की हैं, यह सब कोई जानते हैं। फिर श्री रघुवीर को भक्ति प्यारी है। माया बेचारी तो निश्चय ही नाचने वाली (नटिनी मात्र) है॥

भगतिहि सानुकूल रघुराया। ताते तेहि डरपति अति माया॥
राम भगति निरुपम निरुपाधी। बसइ जासु उर सदा अबाधी॥

श्री रघुनाथजी भक्ति के विशेष अनुकूल रहते हैं। इसी से माया उससे अत्यंत डरती रहती है। जिसके हृदय में उपमारहित और उपाधिरहित (विशुद्ध) रामभक्ति सदा बिना किसी बाधा (रोक-टोक) के बसती है,॥

तेहि बिलोकि माया सकुचाई। करि न सकइ कछु निज प्रभुताई॥
अस बिचारि जे मुनि बिग्यानी। जाचहिं भगति सकल सुख खानी॥

उसे देखकर माया सकुचा जाती है। उस पर वह अपनी प्रभुता कुछ भी नहीं कर (चला) सकती। ऐसा विचार कर ही जो विज्ञानी मुनि हैं, वे भी सब सुखों की खानि भक्ति की ही याचना करते हैं॥

(क्रमशः....)

चुनाव में व्यक्ति नहीं, मूल्यों की स्थापना का दौर चले

लोकसभा चुनावों की सरगर्मियां उग्र से उग्रतर होती जा रही है, पहली बार भ्रष्टाचार चुनावी मुद्दा बन रहा है, कुछ भ्रष्टाचार मिटाने की बात कर रहे हैं तो कुछ भ्रष्टाचारियों को बचाने की बात कर रहे हैं। मुसलमान वोटों की राजनीति करने वाले दल अपने घोषणा पत्रों में उनके कल्याण की कोई बात ही नहीं कर रहे हैं, मुसलमानों का सशक्तीकरण करने की बचाय उनके तुष्टीकरण को प्राथमिकता दी जा रही है। कुछ दल देश-विकास की बात कर रहे हैं तो कुछ दल विकास योजनाओं की छिछालेदार कर रहे हैं। किसी भी दल के चुनावी मुद्दे में पर्यावरण विकास की बात नहीं हैं। व्यक्ति नहीं, मूल्यों की स्थापना के स्वर कहीं भी सुनाई नहीं दे रहे हैं। सत्ता और स्वार्थ ने अपनी आकांक्षी योजनाओं को पूर्णता देने में नैतिक कायरता दिखाई है। केजरीवाल जेल से सरकार चलाने की बात करके नैतिक एवं राजनीतिक मूल्यों के आन्दोलन से सरकार बनाने के सच को ही बदनुमा बना दिया है। इसकी वजह से लोगों में विश्वास इस कदर उठ गया कि चौराहे पर खड़े आदमी को सही रास्ता दिखाने वाला भी झूठा-सा लगता है। आंखें उस चेहरे पर सचाई की साक्षी ढूंढती हैं। समस्याओं से लड़ने के लिये हमारी तैयारी पूरे मन से होनी चाहिए।

लोकतंत्र के महापर्व पर समझना चाहिए कि हमने जीने का सही अर्थ ही खो दिया है। यद्यपि बहुत कुछ उपलब्ध हुआ है। कितने ही नए रास्ते बने हैं। फिर भी किन्हीं दृष्टियों से हम भटक रहे हैं। भौतिक समृद्धि बटोरकर भी न जाने कितनी रिक्तताओं की पीड़ा सही है। गरीब अभाव से तड़पा है, अमीर अतृप्ति से। कहीं अतिभाव, कहीं अभाव। जीवन-वैषम्य कहां बांट पाया अपनों के बीच अपनापन। अट्टालिकाएं खड़ी हो रही हैं, बस्तियां बस रही हैं मगर आदमी उजड़ता जा रहा है। पूरे देश में मानवीय मूल्यों का ह्रास, राजनीति अपराध, भ्रष्टाचार, कालेधन की गर्मी, लोकतांत्रिक मूल्यों का हनन, अन्याय, शोषण, संग्रह, झूठ, चोरी जैसे-अनैतिक अपराध पनपे हैं। धर्म, जाति, राजनीति-सत्ता और प्रांत के नाम पर नए संदर्भों में समस्याओं ने पंख फैलाये हैं। हर बार के चुनावों की तरह इस बार भी आप, हम सभी अपने आपको जीवन से जुड़ी अंतहीन समस्याओं के कटघरे में खड़ा पा रहे हैं। कहा नहीं जा सकता कि जनता की अदालत में कहां, कौन दोषी है? पर यह चिंतनीय प्रश्न अवश्य है हम इतने उदासीन एवं लापरवाह कैसे हो गये कि राजनीति को इतना आपराधिक होने दिया? जब आपके द्वार की सीढ़ियां मैली हैं तो अपने पड़ौसी की छत पर गन्दगी का उलाहना मत दीजिए। कोई भी अच्छी शुरूआत सबसे पहले स्वयं की की जानी जरूरी है।

देश के लोकतंत्र को हांकने वाले लोग इतने बदहवास होकर निर्लज्जतापूर्ण कारनामे करेंगे, इसकी किसी ने कल्पना भी नहीं की थी। चौराहे पर खड़ा आदमी सब कुछ देख रहा है। उसे कुछ सूझ नहीं रहा कि वह कौन सी राह पकड़े। आम आदमी सरकार ने शराब-शिक्षा में घोटाले किए, दागी चिन्हित भी हुए लेकिन आप सरकार ने भ्रष्टाचार को लेकर दोहरे मापदंड अपना लिए। अपनों द्वारा किया गया भ्रष्टाचार कोई भ्रष्टाचार नहीं, राबर्ट वाड्रा के खिलाफ कुछ नजर नहीं आता और वे चुनाव लड़ने की बात करते हैं। बात केवल कांग्रेस की ही नहीं है, बात राजनीतिक आदर्शों की हैं। जिसकी वकालत करते हुए कभी अन्ना हजारे तो कभी बाबा रामदेव, कभी केजरीवाल तो कभी श्री रविशंकरजी जन-आन्दोलन की अगवाई करते देते थे, अब ना तो ऐसे आन्दोलन होते हैं न ही उन पर विश्वास रहा। हमारे भीतर नीति और निष्ठा के साथ गहरी जागृति की जरूरत है। नीतियां सिर्फ शब्दों में हो और निष्ठा पर संदेह की परतें पड़ने लगें तो भला उपलब्धियों का आंकड़ा वजनदार कैसे होगा? बिना जागती आंखों के सुरक्षा की साक्षी भी कैसी! एक वफादार चौकीदार अच्छा सपना देखने पर भी इसलिए मालिक द्वारा तत्काल हटा दिया जाता है कि पहरेदारी में सपनों का खयाल चोरी को खुला आमंत्रण है।

भाजपा जो हमेशा राजनीतिक शुचिता की बात करती रही, उसकी शुचिता कहां है? कितने दागी एवं अपराधी नेताओं को उसने अपने दल में जगह ही नहीं दी, टिकट तक दे दिया। हो सकता है 400 के बड़े लक्ष्य को हासिल करने के लिये भाजपा की कुछ मजबूरियां हो। कमल तो खिलेगा ही, लेकिन उस खिलाहट में मजबूरियों के नाम पर मूल्यों के साथ समझौता नहीं होता तो यह लोकतंत्र को स्वस्थ बनाने का एक अनूठा उदाहरण होता। श्रीमती इन्दिरा गांधी ने कभी कहा था कि व्यक्ति को अपने जन्म से नहीं बल्कि कर्म से पहचाना जाना चाहिए, यह वाक्य उनके पोते राहुल गांधी पर भी लागू हो रहा है। वे तमाम सुखों एवं सुविधाओं में पले-बढ़े और उन्होंने जीवन में कोई संघर्ष नहीं किया या ये कहें कि जीवन के लिए संघर्ष करने की उनके सामने कोई नौबत नहीं आई। कहते हैं- 卐जा के पैर न परी बिवाई, वो क्या जाने पीर पराई卐। जब आप लोगों की पीड़ा को उसी भाव से महसूस नहीं कर पाते तो दूसरों को आपकी बात पर भरोसा नहीं हो पाता। इस भरोसे को पाने के लिए उस पीड़ा को पहले खुद भुगतना होता है। यही वजह है कि राहुल गांधी सच्ची और ठीक बात कहते हैं तब भी लोग उसे उस सच्चाई के साथ, उस भाव में अंगीकार नहीं कर पाते। लोकतंत्र में राजनीतिक दलों का मौजूदा यह आचरण स्वीकार्य नहीं। पूरा राजनीतिक वातावरण ही हास्यास्पद हो चुका है। यदि हालात नहीं सुधरे तो राजनीतिक दलों की दुर्गति तय है। बदलती राजनीतिक सोच एवं व्यवस्था के मंच पर बिखरते मानवीय मूल्यों के बीच अपने आदर्शों को, उद्देश्यों को, सिद्धांतों को, परम्पराओं को और जीवनशैली को हम कोई ऐसा रंग न दे दें कि उससे उभरने वाली आकृतियां हमारी भावी पीढ़ी को सही रास्ता न दिखा सकें।

भाजपा ने लोकसभा चुनाव से ठीक पहले जयंत चौधरी को साधने में कामयाबी हासिल की। जयंत चौधरी पूर्व प्रधानमंत्री और किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह के पोते हैं। चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न से सम्मानित करके केंद्र की मोदी सरकार ने जाटों को साधने की एक और बड़ी कोशिश की।

राजनीति का वह युग बीत चुका जब राजनीतिज्ञ आदर्शों पर चलते थे। आज हम राजनीतिक दलों की विभीषिका और उसकी अतियों से ग्रस्त होकर राष्ट्र के मूल्यों को भूल गए हैं। भारतीय राजनीति उथल-पुथल के दौर से गुजर रही है। चारों ओर भ्रम और मायाजाल का वातावरण है। भ्रष्टाचार और घोटालों के शोर और किस्म-किस्म के आरोपों के बीच देश ने अपनी नैतिक एवं चारित्रिक गरिमा को खोया है। मुद्दों की जगह अभद्र टिप्पणियों ने ली है। व्यक्तिगत रूप से छींटाकशी की जा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पाठशाला के प्रधानाचार्य की तरह अपने दल के कार्यकर्ताओं को पाठ पढ़ाया कि वह झूठे एवं बेबुनियाद आरोपों की परवाह किए बिना तेजी से काम करें। जबकि विपक्षी दलों की सारी की सारी कवायद में एक अनर्थ सच्चाई के ही दर्शन हुए क्योंकि जैसे केवल चेहरे बदलने से दामन के दाग नहीं धुल जाते, वैसे ही कुछ युवा चेहरों को सामने खड़ा करने से क्रांतिकारी सोच पैदा नहीं की जा सकती। भ्रष्टाचार के मुद्दे को व्यक्तिगत आरोपों की झड़ी लगाकर पृष्ठभूमि में डालने की कोशिश की जा रही है।

कई राजनीतिक दल तो पारिवारिक उत्थान और उन्नयन के लिये व्यावसायिक संगठन बन चुके हैं। सामाजिक एकता की बात कौन करता है। आज देश में भारतीय कोई नहीं नजर आ रहा क्योंकि उत्तर भारतीय, दक्षिण भारतीय, महाराष्ट्रीयन, पंजाबी, तमिल की पहचान भारतीयता पर हावी हो चुकी है। वोट बैंक की राजनीति ने सामाजिक व्यवस्था को क्षत-विक्षत करके रख दिया है। ऐसा लगता है कि सब चोर एक साथ शोर मचा रहे हैं और देश की जनता बोर हो चुकी हैं। हमें अतीत की भूलों को सुधारना और भविष्य के निर्माण में सावधानी से आगे कदमों को बढ़ाना। वर्तमान के हाथों में जीवन की संपूर्ण जिम्मेदारियां थमी हुई हैं। हो सकता है कि हम परिस्थितियों को न बदल सकें पर उनके प्रति अपना रूख बदलकर नया रास्ता तो अवश्य खोज सकते हैं। आने वाले नये राजनीतिक नेतृत्व का सबसे बड़ा संकल्प यही हो कि राष्ट्रहित में स्वार्थों से ऊपर उठकर काम करेंगे। राष्ट्र सर्वोपरि है और राष्ट्र सर्वोपरि रहेगा। व्यक्ति का क्या मूल और क्या विसात। विरोध नीतिगत होना चाहिए व्यक्तिगत नहीं। एक उन्नत एवं विकासशील भारत का निर्माण करने के लिये हमें व्यक्ति नहीं, मूल्यों एवं सिद्धान्तों को शक्तिशाली बनाना होगा।

ललित गर्ग
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं)

शिवराज सिंह चौहान का चुनाव लड़ रही हैं बहनें-भांजियां

मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की लोकप्रियता किसी से छिपी नहीं है। मध्यप्रदेश में लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहने का कीर्तिमान उनके नाम है। अपने कार्यकाल में उन्होंने जनता का अभूतपूर्व विश्वास कमाया है, जो सार्वजनिक तौर पर कई बार हमारे सामने आता है। लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान उन्हें जिस प्रकार का स्नेह नागरिकों की ओर से मिल रहा है, वैसा कम ही देखने को मिलता है। विशेषकर माताओं-बहनों के साथ उनका आत्मीय संबंध बन गया है। मध्यप्रदेश की महिलाएं सच में उन्हें अपने भाई और लड़कियां उन्हें अपने मामा के तौर पर स्वीकार कर चुकी हैं। वे चुनाव प्रचार के लिए जहाँ भी जा रहे हैं, अनूठे नजारे दिखायी दे रहे हैं। महिलाएं चुनाव लड़ने के लिए उन्हें पैसे दे रही हैं। छोटी लड़कियां उन्हें अपनी गुल्लक भेंट कर रही हैं। बड़ी बहनें जिस तरह अपने घर आए भाई के हाथ में दस-बीस रुपये थमा देती हैं, वैसे ही नजारे शिवराज सिंह चौहान के चुनाव प्रचार में दिख रहे हैं। ये महिलाएं भी जानती हैं कि उनके दस-बीस रुपये से शिवराज सिंह चौहान का चुनाव खर्च नहीं निकलेगा और वे यह भी जानती हैं कि शिवराज अपना चुनाव लड़ने के लिए आर्थिक रूप से सक्षम भी हैं। इसके बाद भी महिलाएं अपने शिवराज भैया के हाथ में 10, 20 या 50 रुपये थमा रही हैं, तो उसके पीछे भावनात्मक रिश्ता है। अपनत्व है। साफ दिखायी देता है कि शिवराज सिंह चौहान का चुनाव उनकी 'बहने और भांजियां' लड़ रही हैं। जब किसी नेता का चुनाव आम जनता लड़ती हुई दिखायी दे तो समझ लीजिए कि उसका राजनीतिक कद क्या होगा। अपनी बहनों-भांजियों से भेंट पाकर शिवराज सिंह चौहान भी भावुक हो जाते हैं और कहते हैं कि जनता का यह प्रेम अद्भुत है, इस प्रेम के बदले तीनों लोक का सुख भी कहीं नहीं लगता। इस प्रेम को शीश झुकाकर प्रणाम करता हूं। मेरे बेटा-बेटी भी गुल्लक भेंट कर रहे हैं। मैं अपने बच्चों के भविष्य को बेहतर बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ूंगा। स्मरण रहे कि विधानसभा चुनाव में शिवराज सिंह चौहान के कारण भाजपा

को महिलाओं का एक तरफा वोट मिला है। महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई 'लाड़ली बहना योजना' ने पूरा खेल ही बदल दिया था। इसके अलावा भी शिवराज सिंह चौहान की कई योजनाओं ने महिलाओं को भाजपा का मतदाता बना दिया है। मुख्यमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल में उन्होंने प्रदेश की महिलाओं को सशक्त बनाने और उनके सम्मान को बढ़ाने के लिए कई नवाचार किए, जिन्हें अन्य राज्यों की सरकारों ने भी अपनाया।

लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने उन्हें विदिशा से अपना प्रत्याशी बनाया है। भाजपा के लिए विदिशा सबसे सुरक्षित सीटों में से एक है। यहाँ यदि भाजपा का उम्मीदवार प्रचार करने न भी जाए, तो भारी अंतर से विजय उसके हिस्से आएगी। वहीं, शिवराज सिंह चौहान के लिए तो यह और भी सुरक्षित सीट है। मुख्यमंत्री बनने से पूर्व वे यहीं से लोकसभा सांसद थे। वर्ष 1990 में नौवीं विधानसभा के लिए शिवराज सिंह चौहान सीहोर जिले की बुधनी विधानसभा सीट से पहली बार विधायक बनकर आए थे। 23 नवंबर, 1991 को ही शिवराज ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। विदिशा से तत्कालीन सांसद अटल बिहारी वाजपेयी की सीट रिक्त होने के बाद यहां हुए उपचुनाव में शिवराज सिंह चौहान पहली बार लोकसभा पहुंचे थे। इसके बाद साल 2004 तक लगातार शिवराज सिंह चौहान पांच बार यहां से सांसद रहे। लोकसभा चुनाव में एक तरह से शिवराज सिंह चौहान अपने घर लौटे हैं। भारतीय जनता पार्टी और राजनीतिक विश्लेषक भी यह दावा कर रहे हैं कि शिवराज यहाँ से देश की सबसे बड़ी जीत का कीर्तिमान रच सकते हैं। उल्लेखनीय है कि 2019 में यहाँ से भाजपा के रमाकांत भार्गव ने कांग्रेस ने शैलेंद्र पटेल को लगभग पाँच लाख वोटों के भारी-भरकम अंतर से पराजित किया था।

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के चुनाव प्रचार अभियान का विश्लेषण करने पर ध्यान आता है कि विदिशा संसदीय क्षेत्र के नागरिकों को साथ उनका संबंध बहुत प्रगाढ़ है। इसलिए ही कांग्रेस भी उनके सामने किसी नये और युवा चेहरे को उतारने में संकोच कर गई। कांग्रेस ने अपने उस प्रत्याशी पर दांव लगाया है, जो विदिशा से दो बार यानी 1980 और 84 में सांसद का चुनाव जीत चुके हैं। कांग्रेस के प्रत्याशी प्रताप भानु शर्मा का क्षेत्र में दबदबा है। वे पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी से चुनाव हार गए थे लेकिन संसद के गलियारे में भेंट होने पर अटलजी ने प्रताप भानु की प्रशंसा की थी। प्रताप भानु ने लोकसभा चुनाव में अटलजी को अच्छी चुनौती दी थी। हालांकि आज की परिस्थितियां पहले जैसी नहीं है और न ही आज प्रताप भानु शर्मा की क्षेत्र में वैसी पकड़ है। उनके सामने शिवराज सिंह चौहान के रूप में ऐसा राजनेता है, जिसका चुनाव क्षेत्र की जनता स्वयं लड़ रही है।

- दीपाली शुक्ला

राशिफल

चैत्र कृष्ण पक्ष : अष्टमी | **(विक्रम संवत् 2081)**

मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)
स्वास्थ्य पहले से बेहतर। प्रेम, संतान का स्थिति बहुत अच्छी। भौतिक सुख-संपदा में वृद्धि। थोड़ा कलह से बचें।

वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)
व्यापारिक स्थिति सुदृढ़ होगी। व्यावसायिक कुछ नयापन होने जा रहा है, जो शुभ होगा।

मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)
स्वास्थ्य पर ध्यान देने की आवश्यकता है। प्रेम,संतान पहले से बेहतर। व्यापार भी अच्छा है।

कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)
आकर्षण के केंद्र बने रहेंगे। ऊर्जावान बने रहेंगे। जरुरत के हिसाब से वस्तुएं जीवन में उपलब्ध होंगी।

सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)
मन चितिंत रहेगा। खर्च की अधिकता रहेगी। स्वास्थ्य सुधर चुका है। प्रेम, संतान अच्छा। व्यापार बहुत अच्छा।

कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)
आय में आशातीत बढ़ोतरी। शुभ समाचार की प्राप्ति। यात्रा में लाभ। प्रेम, संतान अच्छा। व्यापार बहुत अच्छा।

तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)
व्यावसायिक सुधार होगा। पिता का साथ होगा। सरकारी तंत्र का लाभ मिलेगा। स्वास्थ्य अच्छा। प्रेम, संतान अच्छा। व्यापार अच्छा।

वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)
भाग्यवश कुछ काम बनेंगे। रुका हुआ कार्य चलने लगेगा। यात्रा का योग बनेगा। स्वास्थ्य अच्छा है।

धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)
परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। चोट-चपेट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। स्वास्थ्य पर ध्यान दें।

मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)
जीवनसाथी का सानिध्य मिलेगा। रोजी-रोजगार में तरक्की करेंगे। व्यापारिक स्थिति सुदृढ़ होगी। प्रेमी-प्रेमिका की मुलाकात होगी।

कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)
शत्रु परास्त होंगे। रुका हुआ कार्य विघ्न-बाधा के साथ आगे बढ़ेगा। स्वास्थ्य नरम-गरम। प्रेम, संतान मध्यम। व्यापार अच्छा।

मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)
भावुकता पर नियंत्रण रखें। प्रेम में तू-तू, मैं-मैं से बचें। बच्चों की सेहत पर ध्यान दें। स्वास्थ्य मध्यम। प्रेम,संतान मध्यम।

इफको फूलपुर में मनाई डा. अंबेडकर की जयंती

प्रयागराज (ब्यूरो)। इफको घियानगर फूलपुर के सामुदायिक केन्द्र में भारतरत्न बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की 133वीं जयंती समारोह मनाया गया। समारोह में मुख्य अतिथि महाप्रबंधक (तकनीकी) संजय वैश्य रहे। उन्होंने बाबा साहब के जीवन पर प्रकाश डाला और कहा कि बाबा साहब ने हमेशा शिक्षा पर विशेष बल दिया। अन्य सभी वक्ताओं ने बाबा साहब के मूल मंत्र शिक्षित बनो, संगठित हो तथा संघर्ष करो पर प्रकाश डाला और कहा कि शिक्षा के अलावा कोई धन काम नहीं आता।

प्रसिद्ध कवि मकदूम फूलपुरी ने बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर पर कविता सुनाई तथा रिंकू भारती ने गाना गाया।

भीमराव अम्बेडकर जयंती के उपलक्ष्य में उनकी जीवन विषय पर बच्चों के लिए निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। इसके अलावा इफको कर्मचारी एवं इफको स्थित एस.आई.एस सुरक्षा गार्डों के बीच मैत्री वॉलीबाल का मुकाबला हुआ, जिसमें एस.आई.एस. सुरक्षा गार्ड विजयी रहे। कार्यक्रम का संचालन क्लब सचिव डी.के.शुक्ला ने किया। निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता में विजेता बच्चों को पुरस्कृत किया गया।

इस दौरान इफको ऑफिसर्स एसोसिएशन के महामंत्री स्वयम् प्रकाश, इफको एस.सी./एस.टी. वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष राजबली राम, महामंत्री हरिशंकर भारती, ए.के. द्विवेदी, ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अनुराग तिवारी, कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष पंकज पांडे, महामंत्री विनय यादव तथा बड़ी संख्या में इफको परिवार के सदस्य मौजूद रहे।

'प्रो प्ले जोन स्पोर्ट अकेडमी' में हुआ टूर्नामेंट

नोएडा (चेतना मंच)। क्रॉसिंग रिपब्लिक स्थित 'प्रो प्ले जोन स्पोर्ट अकेडमी' में विभिन्न खेलों के टूर्नामेंट का आयोजन किया गया जिसमें दिल्ली, नोएडा, अलीगढ, फरीदाबाद आदि से आए बच्चों ने भाग लिया।

टूर्नामेंट के संचालक सुनील दुबे ने 'प्रो प्ले जोन स्पोर्ट अकेडमी' के निदेशक शुभम पालीवाल के बारे में बताते हुए कहा की उनका स्पोर्ट के साथ पुराना नाता है, उन्होंने अपने बेटे को लॉन टेनिस में नेशनल लेवल तक पहुंचाया है और इसी उद्देश्य से उन्होंने यह अकेडमी खोली है।

अकेडमी में कराए गए टूर्नामेंट में मुख्य अतिथि दिनेश बिष्ट (एचओडी बाल भारती स्कूल नोएडा) व विशेष अतिथि मनीष सक्सेना (अरिहंत एम्बिएंस), धर्मेंद्र शर्मा (गॉर सिटी 16 एवेन्यू), विवेक शर्मा (गार्डेनिया स्क्वायर सोसाइटी), रोहित चौधरी (जीएच 7), तरुण कुमार (बुलंद हाइट्स) रहे।

प्रो प्ले जोन स्पोर्ट अकेडमी के निदेशक शुभम पालीवाल ने बताया कि टूर्नामेंट में कराए गए टेनिस टूर्नामेंट में अंडर 6 के प्रथम स्थान पर रियांश व अंडर 8 के प्रथम स्थान पर निर्मल कॉर और अंडर 10 के प्रथम स्थान पर इशान चयनित हुए।

टेबल टेनिस टूर्नामेंट में अंडर 9 के प्रथम स्थान पर इवान टंडन व अंडर 11 के प्रथम स्थान पर अयान व सानवी रहे, और अंडर 13 के प्रथम स्थान पर पार्थ शर्मा व अंडर 16 के प्रथम स्थान पर अर्णव व ऐश्वर्या।

बॉस्केट बॉल टूर्नामेंट में अंडर 10 की प्रथम स्थान पर टीम जी. एच. 7 प्रो व अंडर 14 की प्रथम टीम जी. एच. 7 हिरोज और अमरपाली अकेदमी में अंडर 17 की प्रथम टीम चमकादर फैमिली व ओनप कॅटेगिरी में प्रो प्ले जोन टीम ने प्रथम स्थान लिया। इसी के साथ बॉस्केट बॉल कोच सिद्धांत गिरी को कोच ऑफ द क्वार्टर के सम्मान से पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम मे दीपक ठुकरेला द्वारा एक 'मिड ब्रेन एक्टीवेशन' का डेमो सेशन करवाया गया जिसमे दो छोटे बच्चे वेदांत व अंशुमन ने भाग लेकर अपनी आखें बन्द करके सभी लोगो को कई चमत्कार दिखाए।

आनंद अमित को मिला साहित्य संवर्धन संस्थान, जसरा का साहित्य सम्मान

मिर्ज़ापुर। आनंद अमित को साहित्य संवर्धन संस्थान जसरा-प्रयागराज (रजि0) के तत्वावधान में आयोजित जसरा साहित्य महोत्सव 2024 में जी.आर. प्रजापति साहित्य सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान मंचासीन मुख्य अतिथि = डॉ0 शिव गोपाल मिश्र, प्रधानमंत्री विज्ञान परिषद प्रयाग, विशिष्ट अतिथि डॉ0 के0 बी0 पाण्डेय, अवकाश प्राप्त अध्यक्ष-लोक सेवा आयोग उत्तर प्रदेश, डॉ0 एम0 गोविन्द राजन, हिन्दी तमिल विद्वान (चेन्नई एवं प्रयागराज), डॉ0 दयाराम मौर्य रत्न, वरिष्ठ साहित्यकार एवं संरक्षक नई आवाज़ पत्रिका, डॉ0 शिवशंकर मिश्र, पूर्व विभागाध्यक्ष हिन्दी, जनता महा. अजीतमल, औरैया व अध्यक्षता कर रहे सन्त सत्यानन्द त्यागी, कबीर आश्रम, करमा-प्रयागराज और रामलखन प्रतापगढ़ी ने प्रदान किया।

कार्यक्रम स्थल पर पुस्तक बिक्री स्टाल, वर्मी कम्पोस्ट प्रदर्शनी, कला प्रदर्शनी तथा मधुमक्खी पालन प्रदर्शनी भी लगाई गयी थी। कार्यक्रम का संचालन लखन प्रतापगढ़ी और शंकर लाल मंजूर ने संयुक्त रूप से किया।

आनंद अमित को यह सम्मान साहित्य के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए प्रदान किया गया। आनंद अमित मिर्ज़ापुर में सात वर्षों से कार्यरत हैं। इनकी पाँच पुस्तकें-1.आनंद रस (काव्य संग्रह), 2. भोर के चिरई (भोजपुरी कविता संग्रह), 3. रेलवे फाटक (कहानी संग्रह) 4. गुलाब दूँ किसे-किसे (ग़ज़ल-संग्रह) 5. सुनकर मेरे गीत चले जाना (गीत-संग्रह) प्रकाशित हो चुकी हैं। इनकी रचनाएँ एक दर्जन से ज्यादा साझा संकलनों में संकलित हैं साथ ही कई पत्र-पत्रिकाओं में निरंतर प्रकाशित होती रहती हैं। इन्होंने कई पुस्तकों का सम्पादन किया है और भूमिकाएं भी लिखी हैं।

आनंद अमित को मिर्जापुर के साहित्यकार भोलानाथ कुशवाहा, अधिदर्शक, डॉ रमाशंकर सिंह यादव, डॉ सुधा सिंह, नंदिनी वर्मा, अरविंद अवस्थी, शुभम श्रीवास्तव ओम, मुहिब मिर्जापुरी, हसन जौनपुरी, केदारनाथ सविता, डॉ अनुराधा ओस, अनिल यादव, इला जायसवाल, सारिका चौरसिया, अमरनाथ सिंह, आनंद केसरी, सृष्टि राज, पूजा यादव और समाजसेवी संतोषी निषाद आदि ने बधाई दी है।

हबीबपुर में प्राधिकरण की जमीन पर भू-माफिया ने खड़ी कर दी इमारत

ग्रेटर नोएडा(चेतना मंच)। हबीबपुर गांव के खसरा संख्या 156 में अवैध रूप से भू-माफिया ने फ्लैट बनाकर लोगों को बेचने का काम कर रहे हैं। जबकि यह जमीन ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र में दर्ज है। प्राप्त जानकारी के अनुसार भू-माफिया हबीबपुर के खसरा नंबर 156 में बहुमंजलि इमारत खड़ी करके लोगों को मोटे दाम पर बेचने का काम कर रहे हैं। एक तरफ जहां ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिकारी एवं कर्मचारी अवैध इमारत को ढहाने के अभियान में लगे हैं। वहीं कुछ भूमाफिया कर्मचारियों से सांठगांठ कर अवैध रूप से निर्माण कर करने का काम कर रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि इस बहुमंजिला इमारत में लगे विद्युत कनेक्शन को भी ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने काटने के लिए एचपीसीएल को पत्र ही लिखा है। भाजपा सरकार के आदेशों की धज्जियां उड़ाते हुए भू-माफिया ने अपनी जेब भरने के लिए विवादित जमीनों पर प्लाटिंग एवं कॉलोनी काटने का काम कर रहे हैं। समय रहते इन भूमाफियाओं पर कार्रवाई नहीं हुई तो आने वाले समय में यह भू-माफिया अन्य पड़ी जमीनों पर भी अवैध कब्जा करके अवैध निर्माण कर लेंगे।

सेक्टर-142 स्थित शहदरा गांव में भाकियू (बलराज) का धरना आज भी जारी रहा।

गार्ड के मकान में लगाई सेंध

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। थाना बादलपुर क्षेत्र के धूम मानिकपुर गांव में एक सिक्योरिटी गार्ड के घर से चोरों ने 50 हजार रुपए, जेवरात व कीमती सामान चोरी कर लिया। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। ग्राम धूम मानिकपुर निवासी सतीश पाल ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि वह टीवीएस पावर चैन सप्लाई में सिक्योरिटी गार्ड के रूप में कार्यरत है। 13 अप्रैल की रात्रि को वह अपने घर का दरवाजा बंद कर ड्यूटी पर चला गया। सुबह जब वह ड्यूटी से वापस आया तो उसे दरवाजे पर लगा हुआ ताला टूटा वह सामान बिखरा हुआ मिला। चोर उसके घर में रखे 50 हजार रुपए, जेवरात व अन्य सामान को चोरी कर ले गए थे। थाना प्रभारी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरा की फुटेज को खंगाला जा रहा है।

मोबाइल टॉवरों से कीमती उपकरण चोरी

नोएडा (चेतना मंच)। मोबाइल टॉवरों को निशाना बनाकर चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले गिरोह ने तीन जगह चोरी की वारदातों को अंजाम दिया। चोर अलग-अलग स्थान पर लगे मोबाइल टावरों से आरआरयू व कीमती उपकरण को चोरी कर ले गए।

एसजी एनकॉन कंपनी के हेड सुशांत त्यागी ने थाना फेज-2 में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 15 मार्च की रात्रि को सेक्टर-83 स्थित याकूबपुर विलेज में लगे मोबाइल टावर से चोर जंपर केबल, सीपीआरआई केबल, आरआरयू कनेक्टर, आरआरयू क्लैंप चोरी कर ले गए। इसी थाना क्षेत्र के याकूबपुर से ही चोरों ने आर आर यू पावर कनेक्टर आरआरयू क्लैंप की केबल आदि चोरी कर लिए।

वहीं थाना नॉलेज पार्क शिवम इन्फोकॉम प्राइवेट लिमिटेड के टेक्नीशियन टेकराम ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि सेक्टर 150 की ग्रीन बेल्ट में लगे टावर से चोरों ने तीन आर आर यू व अन्य उपकरण चोरी कर लिए। इससे पहले भी 15 फरवरी को चोरों ने प्लाजा धाम सोसाइटी के पीछे पार्क में लगे टावर से चार आर आर यू व अन्य उपकरण चोरी कर लिए थे।

पूर्वोत्तर रेलवे

निविदा सूचना सं. 02
वर्ष 2024-25

अधोलिखित कार्यों के लिये मुहरबन्द खुली निविदायें भारत के राष्ट्रपति की ओर से, मंडल रेल प्रबन्धक (सिगनल एवं दूरसंचार), पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर द्वारा आमंत्रित की जाती है:- **कार्यों का विवरण :** 1. इज्जतनगर मंडल के चौबेपुर एवं रति का नगला स्टेशनों पर इलेक्टॉनिक इन्टरलॉकिंग का प्रावधान। **अनुमानित लागत :** (₹) 5,66,24,769.44 **बयाना राशि :** (₹) 4,33,100 **कार्य समापन अवधि :** 9 माह **ई-निविदायें जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय :** दिनांक 07.05.2024 को 11:00 बजे • पूर्ण विवरण वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर अपलोड कर दी गयी है। • सभी आवश्यक दस्तावेज ई-निविदा में भाग लेने के समय में अपलोड किये जाने चाहियें।

वरि. मंडल सिगनल व दूरसंचार इंजीनियर
मुजाधि/सिग्नल-02 इज्जतनगर

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

पृष्ठ एक के शेष....

बाबा रामदेव...

सार्वजनिक माफी मांगना चाहते हैं। रामदेव और आचार्य बालकृष्ण ने सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के उल्लंघन के लिए अखबार में सार्वजनिक माफी प्रकाशित करने की पेशकश की है।

सुनवाई के दौरान कोर्ट ने बाबा और आचार्य बालकृष्ण से बातचीत की। जस्टिस कोहली ने स्वामी रामदेव से कहा कि आप मशहूर हैं। योग के क्षेत्र में आपने काफी काम किया है। आप बिजनेस भी करने लगे तभी सुप्रीम कोर्ट के वीडियो का प्रसारण बाधित हो गया। तीन मिनट बाद सिर्फ ऑडियो आया। जस्टिस कोहली ने कहा कि ये बाधा सिर्फ संयोग है, हमारी ओर से कोई सेंशरशिप नहीं है। कोर्ट ने बाबा रामदेव से सीधा सवाल किया कि आपको माफी क्यों दी जाय?

स्वामी रामदेव ने कोर्ट से कहा, 'मैं आगे से जागरूक रहूंगा, मैं जानता हूं कि करोड़ों लोग मुझसे जुड़े हुए हैं।' कोर्ट ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा, 'आपने हमारे आदेश के बाद ये सब कुछ किया। आपको पता है कि लाइलाज बीमारियों का आप विज्ञापन नहीं कर सकते हैं। कानून सबके लिए समान है। इस पर स्वामी रामदेव ने कहा कि हमने बहुत टेस्ट किए हैं जिस पर जस्टिस कोहली ने उन्हें टोका और कहा कि आपकी तरफ से ये गैर जिम्मेदार रवैया है।

सीमा हैदर फैमिली...

गौतमबुद्धनगर की फैमिली कोर्ट ने सीमा-सचिन, एपी सिंह, पंडित और बारातियों को 25 मई को हाजिर होने के लिए कहा है। वकील मोमिन मलिक ने बताया है कि अगर ये सभी 25 मई को हाजिर नहीं होते हैं तो कोर्ट ने साफ शब्दों में कहा है कि एकतरफा सुनवाई हो सकती है।

वकील मोमिन मलिक ने बताया कि कागजों में आज भी सीमा गुलाम हैदर की पत्नी है तो फिर किस आधार पर ये सभी सीमा को सचिन की पत्नी कहते हैं। जो कि सरासर गैर कानूनी है। सीमा हैदर को सचिन की पत्नी कहने पर इन सभी लोगों को नोटिस जारी किया गया है।

इससे पहले गुलाम हैदर ने सीमा हैदर और सचिन मीणा को छह करोड़ का मानहानि नोटिस भेजा था। भारत में गुलाम हैदर के वकील मोमिन मलिक ने ये नोटिस भेजा था। इतना ही नहीं मोमिन मलिक ने सीमा हैदर के वकील एपी सिंह को भी 5 करोड़ का नोटिस भेजा था। नोटिस भेजकर मलिक ने कहा था कि एक महीने के अंदर तीनों माफी मांगें और जुर्माना जमा करवाएं नहीं तो तीनों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

बसपा ने बाहुबली...

बदायूं से मुस्लिम खां, बरेली से छोटेलाल गंगवार को मैदान में उतारा है। सुल्तानपुर से उदराज वर्मा और फर्रूखाबाद सीट से क्रांति पांडेय को टिकट मिला है। बांदा से मयंक द्विवेदी और डुमरियागंज से ख्वाजा समसुद्दीन चुनाव लड़ेंगे।

बलिया से लल्लन सिंह यादव और जौनपुर से श्रीकला रेड्डी (पत्नी-धनंजय सिंह) को चुनाव मैदान में उतारा है। गाजीपुर से सपा प्रत्याशी और सांसद अफजाल अंसारी के सामने उमेश कुमार सिंह चुनाव लड़ेंगे, वाराणसी सीट से पीएम मोदी के सामने अतहर जमाल लारी को उतारा गया है।

मैनपुरी सीट से सपा प्रत्याशी और सांसद डिंपल यादव के खिलाफ बसपा ने अपना उम्मीदवार बदला है। गुलशन देव शाक्य का टिकट काट दिया है। उनकी जगह शिव प्रसाद यादव को टिकट दिया गया है।

दरअसल, धनंजय सिंह जौनपुर लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे थे। इसी बीच जौनपुर की अदालत ने एक मामले में सात वर्ष की सजा सुना दी। इसके बाद धनंजय को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया। सजा मिलने के बाद धनंजय चुनाव नहीं लड़ सकते हैं, इसलिए श्रीकला ने चुनाव मैदान में उतरने का फैसला किया है।

भाजपा ने जारी की...

की इस लिस्ट में सांसद व भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण का नाम नहीं है। भाजपा की नई लिस्ट में उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद से ठाकुर विश्वदीप सिंह तथा देवरिया से शशांकमणि त्रिपाठी को टिकट दिया गया है।

कल से शुरू हो...

बता दें कि गंगाजल की आपूर्ति बाधित होने से नोएडा में जल की किल्लत हो गई थी। हालांकि प्राधिकरण अपने संसाधनों से जलापूर्ति कर रहा था। लेकिन जगह-जगह मोटर चलने से आम लोगों को समुचित मात्रा में पानी नहीं मिल पा रहा था, लेकिन अब यह समस्या समाप्त हो जाएगी तथा कल से समुचित जलापूर्ति शुरू हो जाएगी।

ससुरालियों ने बहु...

अलग-अलग कारों से उसका पीछा कर रहे थे। लालकुआं पहुंचने पर उसके पति और सास ने उसकी कार रूकवा ली और उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। इस दौरान उसने वीडियो बनाने की कोशिश की तो आरोपियों ने उसका फोन छीन कर नाली में फेंक दिया। पीड़िता के मुताबिक उसके पति ने मारपीट करने के दौरान जान जमाने की नीयत से उसका गला दबाया। शुभम नरवाल व अन्य लोगों ने केस वापस न लेने पर उसे जान से मारने की भी धमकी दी। मारपीट करने के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए।

पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उसने अपने ससुराल वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा रखा है इसी मुकदमे को वापस लेने के लिए उसे तरह-तरह से प्रताड़ित किया जा रहा है।

छात्रों, मजदूरों...

पर बैरियर लगाकर वाहनों की चेकिंग शुरू कर दी। इस दौरान खैरपुर गांव की तरफ से स्कूटी पर आ रहा एक व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस टीम ने पीछा कर स्कूटी सवार को दबोच लिया। तलाशी में इसके पास से 4 किलो 300 ग्राम गांजा बरामद हुआ। पूछताछ में पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम रामपाल पुत्र नत्थू लाल निवासी ग्राम सलारपुर बताया। रामपाल ने बताया कि वह गाजियाबाद हाईवे पर खड़े अनजान व्यक्ति से यह गांजा लेकर आता है और गांजा पीने के शौकीन लोगों को महंगे दामों पर बेचता है। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

सिक्योरिटी गार्ड...

उन्हें लाठी डंडों से उन्हें पीटना शुरू कर दिया। शोर शराबा सुनकर कंपनी के अन्य लोग मौके पर पहुंचे। इसके बाद अरविंद व उसके साथी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। गंभीर हालत में धनेश सिंह को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां जांच में उनकी नाक में फ्रैक्चर आया है।

एडवोकेट रोहित चौधरी के मुताबिक आरोपी उसके पिता पर कानूनी कार्रवाई न करने का दबाव बना रहे हैं। इस घटना के बाद से उनके पिता गहरे सदमे में है और भयभीत हैं। थाना प्रभारी में बताएं कि पुलिस की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

मतदान के लिए...

अंतर्गत वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने बताया कि लोकसभा में मतदान दिवस देश के विभिन्न हिस्सों में सात चरणों क्रमशः 19 अप्रैल 2024, 26 अप्रैल 2024, 07 मई 2024, 13 मई 2024, 20 मई 2024, 25 मई 2024 एवं 01 जून 2024 को निर्धारित है। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135ख में प्रावधान किया गया है कि किसी कारोबार, व्यवसाय, औद्योगिक उपक्रम या किसी अन्य प्रतिष्ठान में नियोजित प्रत्येक व्यक्ति को मतदान के दिन सवेतनिक अवकाश मंजूर किया जायेगा।

शादी में आए...

आरोपियों के चंगुल से उन्हें बचाया। इसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है।

दैनिक चेतना मंच

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी (मेंहदीपुर) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर (यू पी.) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियाँ-2024 की संख्या में वृद्धि

पूर्व घोषित ग्रीष्मकालीन स्पेशल रेल सेवाओं के साथ-साथ निम्नलिखित अतिरिक्त ग्रीष्मकालीन रेल सेवाएं भी निम्नानुसार संचालित की जायेंगी:-

05656/05655 गुवाहाटी - जम्मू तवी - गुवाहाटी ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ी — 18 फेरे

रेलगाड़ी सं.: 05656 आगमन	प्रस्थान	↓ स्टेशन ↑	रेलगाड़ी सं.: 05655 आगमन	प्रस्थान
----	20:30	गुवाहाटी	13:20	----
17:35	----	जम्मू तवी	----	10:00

चलने के दिनः 05656 गुवाहाटी से प्रत्येक सोमवार दिनांक 06.05.2024 से 01.07.2024 तक एवं **05655 जम्मू तवी** से प्रत्येक गुरुवार दिनांक 09.05.2024 से 04.07.2024 तक।

ठहरावः कामाख्या जं., रगिंया जं., बरपेटारोड, न्यु बंगाई गांव जं., कोकराझार, न्यु कोचबिहार, न्यु जलपाईगुड़ी, किशनगंज, कटिहार जं., नवगछिया, खगड़िया जं., बेगुसराय, बरौनी जं., शाहपुर पटोरी, देसरी, हाजीपुर जं., सोनपुर, छपरा जं., सिवान जं., भटनी जं., देवरिया सदर, गोरखपुर जं., गोंडा जं., लखनऊ एनआर, हरदोई, बरेली जं., मुरादाबाद जं., लक्सर जं., रुड़की, सहारनपुर जं., यमुनानगर जगाधरी, अम्बला कैंट, लुधियाना जं., जालंधर कैंट, पठानकोट कैंट, एवं कठुआ स्टेशन।

स्थानः वाता.-2 टीयर, वाता.-3 टीयर एवं शयनयान।

09405/09406 साबरमती - पटना जं. - साबरमती ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ी — 22 फेरे

रेलगाड़ी सं.: 09405 आगमन	प्रस्थान	↓ स्टेशन ↑	रेलगाड़ी सं.: 09406 आगमन	प्रस्थान
----	18:10	साबरमती	13:30	----
15:35	15:45	लखनऊ	16:05	16:15
02:00	----	पटना जं.	----	05:00

चलने के दिनः 09405 साबरमती से प्रत्येक मंगलवार दिनांक 16.04.2024 से 25.06.2024 तक एवं **09406 पटना जं.** से प्रत्येक गुरुवार दिनांक 18.04.2024 से 27.06.2024 तक।

ठहरावः महेसाना जं., पालनपुर जं., आबूरोड, अजमेर जं., फूलेरा जं., जयपुर, बांदीकुई जं., भरतपुर जं., अछनेरा जं., आगरा फोर्ट, टूण्डला जं., कानपुर सेन्ट्रल, लखनऊ एनआर, सुलतानपुर, वाराणसी जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर एवं आरा स्टेशन।

स्थानः वाता.-3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य।

पूर्व घोषित रेलगाड़ी संख्या 09309/09310 इंदौर - नई दिल्ली - इंदौर सुपरफास्ट द्वि-साप्ताहिक स्पेशल रेलगाड़ी अब इंदौर - हज़रत निज़ामुद्दीन-इंदौर के बीच निम्नलिखित विवरण के अनुसार चलाई जायेंगी: — 42 फेरे

रेलगाड़ी सं.: 09309 आगमन	प्रस्थान	↓ स्टेशन ↑	रेलगाड़ी सं.: 09310 आगमन	प्रस्थान
----	17:00	इंदौर	21:00	----
04:30	----	हज़रत निज़ामुद्दीन	----	08:20

चलने के दिनः 09309 इंदौर से प्रत्येक शुक्रवार एवं रविवार को दिनांक 19.04.2024 से 30.06.2024 तक एवं **09310 हज़रत निज़ामुद्दीन** से प्रत्येक शनिवार एवं सोमवार को दिनांक 20.04.2024 से 01.07.2024 तक।

ठहरावः देवास, उज्जैन जं., नागदा जं., शामगढ़, रामगंज मंडी, कोटा जं., सवाई माधोपुर, गंगापुरसिटी, भरतपुर जं. एवं मथुरा जं. स्टेशन।

स्थानः वाता.-2 टीयर, वाता.-3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में पड़ने वाले स्टेशनों एवं उनकी विस्तृत समय-सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाईट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

09064 गोरखपुर जं. - उधना जं. अनारक्षित विशेष रेलगाड़ी — 01 फेरा

स्टेशन ↓	रेलगाड़ी सं.: 09064 आगमन	प्रस्थान
गोरखपुर जं.	----	04:45
लखनऊ	13:05	13:10
उधना जं.	15:30	----

चलने के दिनः 09064 गोरखपुर जं. से दिनांक 16.04.2024 (मंगलवार) को।

ठहरावः आनन्द नगर जं., सिद्धार्थ नगर, बढनी, गैंसड़ी तुलसीपुर, बलरामपुर, गोंडा जं., बाराबंकी जं., लखनऊ एनआर, कानपुर सेन्ट्रल, उरई, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, बीना, विदिशा, रानी कमलापति, इटारसी जं., खंडवा जं., भुसावल जं., नंदुरबार, बारडोली एवं चलथान स्टेशन।

स्थानः शयनयान एवं सामान्य।

04145/04146 प्रयागराज - आनन्द विहार (ट) - प्रयागराज सुपरफास्ट विशेष रेलगाड़ी — 12 फेरे

रेलगाड़ी सं.: 04145 आगमन	प्रस्थान	↓ स्टेशन ↑	रेलगाड़ी सं.: 04146 आगमन	प्रस्थान
----	21:20	प्रयागराज	19:20	----
08:00	----	आनन्द विहार (ट)	----	09:30

चलने के दिनः 04145 प्रयागराज से प्रत्येक शुक्रवार दिनांक 26.04.2024 से 31.05.2024 तक एवं **04146 आनन्द विहार (ट)** से प्रत्येक शनिवार दिनांक 27.04.2024 से 01.06.2024 तक।

ठहरावः फतेहपुर, कानपुर सेन्ट्रल, इटावा, टूण्डला जं. एवं अलीगढ़ स्टेशन।

स्थानः वाता.-2 टीयर, वाता.-3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य।

08475/08476 पुरी - हज़रत निज़ामुद्दीन - पुरी विशेष रेलगाड़ी — 20 फेरे

रेलगाड़ी सं.: 08475 आगमन	प्रस्थान	↓ स्टेशन ↑	रेलगाड़ी सं.: 08476 आगमन	प्रस्थान
----	04:50	पुरी	06:55	----
17:40	----	हज़रत निज़ामुद्दीन	----	23:35

चलने के दिनः 08475 पुरी से प्रत्येक शुक्रवार दिनांक 19.04.2024 से 28.06.2024 तक एवं **08476 हज़रत निज़ामुद्दीन** से प्रत्येक शनिवार दिनांक 20.04.2024 से 29.06.2024 तक।

ठहरावः खोरधा रोड, भुवनेश्वर, नराज मार्थापुर, ढेंकानाल, अनुगुल,रेढ़ाखोल, सम्भलपुर सिटी, झारसुगुडा रोड, बिलासपुर, कटनी मुड़वारा, दमोह, सागर, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, ग्वालियर, आगरा कैंट एवं मथुरा जं. स्टेशन।

स्थानः वाता.-2 टीयर, वाता.-3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य।

05051 छपरा जं. - दिल्ली जं. अनारक्षित विशेष रेलगाड़ी — 01 फेरा

स्टेशन ↓	रेलगाड़ी सं.: 05051 आगमन	प्रस्थान
छपरा जं.	----	11:25
लखनऊ	22:00	22:10
दिल्ली जं.	11:40	----

चलने के दिनः 05051 छपरा जं. से दिनांक 16.04.2024 (मंगलवार) को।

ठहरावः बलिया, इन्दारा जं., मऊ जं., आजमगढ़, खोरासन रोड, शाहगंज जं., अयोध्या कैंट, लखनऊ, मुरादाबाद एवं गाजियाबाद स्टेशन।

स्थानः शयनयान एवं सामान्य।

रेलमदद वेबसाइट देखें:- www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

हमें फॉलो करें | आज़ादी का अमृत महोत्सव | उत्तर रेलवे आपकी सुविधा – हमारा ध्येय

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

खास खबर

फिटजी पेश करते हैं डायग्नॉस्टिक कम स्कॉलरशिप टेस्ट

नई दिल्ली, एजेंसी। जेईई एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के लिएभारत के प्रमुख कोचिंग संस्थान फिटजी ने कक्षा 6, 7, 8, 9, 10, 11 और 12 के छात्रों के लिए डायग्नॉस्टिक कम स्कॉलरशिप टेस्ट 'मास्टर्स ऑफ डायग्नोसिस' की घोषणा की है। यह उन छात्रों के लिए बेहतरीन अवसर है जो अपनी अकादमिक क्षमता का मूल्यांकन कर फिटजी की असाधारण दुनिया में प्रवेश पाना चाहते हैं। डायग्नॉसिस कम स्कॉलरशिप टेस्ट को छात्रों के मौजूदा ज्ञान एवं क्षमता केमूल्यांकन के लिए डिजाइन किया गया है। इस टेस्ट के मायध्म से छात्रअपनी मौजूदा एवं छिपी अकादमिक क्षमता का मूल्यांकन कर सकेंगे। वेअपने आईक्यू, एनालिटिकल एवं लॉजिकल स्किल्स एवं प्रॉबलम-सॉल्विंगक्षमता की जांच कर सकेंगे, जो विभिन्न प्रतियोगी एवं शैक्षणिक परीक्षाओं मेंसफलता पाने और जीवन की विभिन्न समस्याओं को हल करने के लिएजरूरी है। अपनी शुरूआत के बाद से फिटजी ने छात्रों को जेईई मेन और जेईईअडवान्स्ड तथा अन्य प्रतियोगी एवं शैक्षणिक परीक्षाओं की तैयारी मेंसहयोग प्रदान कर अपनी विशेष पहचान बनाई है। पिछले सालों के दौरानफिटजी ने जेईई के टॉपर्स दिए हैं, जो पढ़ाने के तरीकों एवं अकादमिकउत्कृष्टता के लिए उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। संस्थान की उत्कृष्टविशेषज्ञता, सक्षम फैकल्टी और व्यापक अध्ययन सामग्री प्रमुख कोचिंगसंस्थान के रूप में इनकी प्रतिष्ठा को और मजबूत बनाती है। हालांकि फिटजी मुख्य रूप से जेईई की तैयारी में छात्रों को मार्गदर्शन प्रदानकरता रहा है। यहां इस बात पर ध्यान देना महत्वपूर्ण है कि 'मास्टर ऑफ्डायग्नॉसिस', डायग्नॉस्टिक कम स्कॉलरशिप टेस्ट सिर्फ जेईई केमहत्वाकांक्षी छात्रों के लिए ही नहीं है। यह टेस्ट विभिन्न विषयों में छात्रों कोउनके ज्ञान एवं अकादमिक क्षमता का मूल्यांकन करने में मदद करता है।

हजूर मल्टी प्रोजेक्ट्स लिमिटेड के बोर्ड ने प्रेफेरेंशिएल इश्यू के द्वारा 4860 मिलियन रुपये जुटाने को मंजूरी दी

मुंबई, एजेंसी। इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट और कंस्ट्रक्शन कॉन्ट्रैक्टिंग सर्विसेज़ में अग्रणी हजूर मल्टी प्रोजेक्ट्स लिमिटेड (बीएसई 532467) ने घोषणा की है कि उसके बोर्ड ने फुली कन्वर्टिबल वारंट्स के प्रेफेरेंशिएल इश्यू के 4860 मिलियन रुपये के फंड रेज़ को 300 रुपये प्रति वारंट के इश्यू प्राइस (मेंबर्स की मजूरी के अधीन) मंजूरी दी। प्रस्तावित आवंटियों में एफआईआई और नॉन-प्रमोटर ग्रुप के अन्य इन्वेस्टर्स शामिल हैं। बोर्ड ने ऑथराइज्ड शेयर कैपिटल में वृद्धि और एक धन जुटाने वाली कमेटी के गठन को भी मंजूरी दी। हजूर मल्टी प्रोजेक्ट्स लिमिटेड भारत के तेजी से विकसित हो रहे इंफ्रास्ट्रक्चर लैंडस्केप में सबसे आगे है, जिसने स्ट्रेटिजिकली हाई-क्वॉलिटी और विश्वसनीय इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण कॉन्ट्रैक्टिंग सर्विसेज़ देने के लिए समर्पित एक व्यवसायिक क्षेत्र के विकास में कदम रखा है। राष्ट्र-निर्माण प्रक्रिया में बढ़ती मांग के जवाब में, हजूर मल्टी प्रोजेक्ट्स लिमिटेड तेजी से उद्योग में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में उभरा है। पिछले कुछ वर्षों में, हजूर मल्टी प्रोजेक्ट्स लिमिटेड ने ईपीसी और हाइब्रिड एन्युइटी मॉडल एग्जीक्यूशन मेथड दोनों का उपयोग करते हुए, महाराष्ट्र स्टेट रोड डेवलपमेंट कारपोरेशन के लिए लीडिंग प्रोजेक्ट्स को सफलतापूर्वक शुरू करके उल्लेखनीय माइलस्टोन हासिल किए हैं। विशेष रूप से, कोविड-19 महामारी से उत्पन्न चुनौतियों के बावजूद, 2019 में वाकन पाली राजमार्ग का सफल पूर्णता हजूर मल्टी प्रोजेक्ट्स लिमिटेड के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण था। कंपनी ने प्रेस्टीजियस समृद्धि एक्सप्रेसवे के पैकेज 11 को अपनाकर और प्रोजेक्ट निष्पादन में उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता प्रदर्शित करते हुए एनएच 48 हाईवे प्रोजेक्ट में योगदान देकर अपनी उपस्थिति को और मज़बूत किया।

एनर्जी कंपनी से बाहर निकले 3 म्यूचुअल फंड्स, शेयर में भूचाल, 210 पर जाएगा भाव !

नई दिल्ली, एजेंसी। सप्ताह के पहले कारोबारी दिन यानी सोमवार को शेयर बाजार में बड़ी गिरावट दर्ज की गई। इस माहौल के बीच एनर्जी सेक्टर से जुड़ी कंपनी- भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी लिमिटेड (इरेडा) के शेयर बुरी तरह बिखर गए। यह गिरावट तीन घरेलू म्यूचुअल फंड्स के कंपनी से बाहर निकलने की वजह से देखने को मिली है।

9 प्रतिशत टूट गया शेयर

सोमवार के कारोबार के दौरान इरेडा के शेयर की कीमत 9 प्रतिशत गिर गई और यह 153.20 रुपये पर पहुंच गया। बता दें कि इरेडा के शेयरों की लिस्टिंग नवंबर 2023 में हुई थी। इस कंपनी के आईपीओ का इश्यू प्राइस 32 प्रति शेयर तय किया गया था। इस आईपीओ की लिस्टिंग के तीन महीनों के भीतर शेयर ने 214 के ऑल टाइम हाई को टच किया था। यह आईपीओ इश्यू प्राइस का लगभग 7 गुना है।

कौन से हैं 3 म्यूचुअल फंड्स

नुवामा अल्टरनेटिव एंड क्वांटिटेटिव रिसर्च के एक नोट के मुताबिक मार्च महीने में तीन म्यूचुअल फंड्स- कोटक म्यूचुअल फंड, निप्पॉन इंडिया म्यूचुअल फंड, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल म्यूचुअल फंड ने इरेडा से खुद को बाहर कर लिया है। दिलचस्प बात यह है कि 31 दिसंबर, 2023 तक इन तीनों फंड हाउसों की कंपनी में 1 प्रतिशत से कम हिस्सेदारी थी।

दिसंबर शेयरहोल्डिंग पैटर्न के आधार पर 15 फंड हाउसों के पास इरेडा में 2.87 प्रतिशत हिस्सेदारी थी। आईपीओ के बाद सरकार के पास 75 प्रतिशत हिस्सेदारी बनी हुई है, जबकि विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) के पास 1.88 प्रतिशत हिस्सेदारी थी। इरेडा के पास 17 प्रतिशत से अधिक रिटेल शेयरहोल्डिंग है। जानकारी के लिए बता दें कि वित्त वर्ष 2023-24 में इरेडा ने सबसे अधिक ऋण मंजूरी दी। कंपनी ने वित्त वर्ष 2023-24 में 37,354 करोड़ रुपये के ऋण स्वीकृत किए और 25,089 करोड़ रुपये के ऋण वितरित किए गए।

शेयर का टारगेट प्राइस

इरेडा के शेयर को लेकर मार्केट एक्सपर्ट प्रकाश गाबा बुलिश नजर आ रहे हैं। हाल ही में एक शो के दौरान प्रकाश गाबा ने अनुमान लगाया कि शेयर का टारगेट 210 प्रति शेयर तक जा सकता है।

शेयर को खरीदने की लूट, दिग्गज निवेशक के दांव से बढ़ी चमक

नईदिल्ली, एजेंसी। शेयर बाजार के दिग्गज निवेशक विजय केडिया के पोर्टफोलियो में कई ऐसे स्टॉक हैं जो बिकवाली मोड के बीच भी भारी डिमांड में हैं। ऐसा ही एक स्टॉक ग्लोबल वेक्टरा हेलीकॉर्प एयरलाइन का है। करीब ?233 करोड़ के मार्केट कैप वाला स्मॉल-कैप स्टॉक लगातार पिछले दो दिनों से अपर सर्किट मार रहा है।

शेयरहोल्डिंग पैटर्न के बाद डिमांड

जनवरी से मार्च 2024 तिमाही के लिए कंपनी के शेयरहोल्डिंग पैटर्न में प्रमुख निवेशक विजय केडिया का नाम सामने आने के बाद इस शेयर पर निवेशक टूट पड़े हैं। हाल ही में समाप्त मार्च 2024 तिमाही के लिए ग्लोबल वेक्टरा हेलीकॉर्प लिमिटेड ने शेयरहोल्डिंग पैटर्न जारी किया है। इसके अनुसार विजय केडिया के पास व्यक्तिगत क्षमता में कंपनी में 1.46 प्रतिशत हिस्सेदारी है। वहीं, केडिया के ब्रोकिंग फर्म केडिया सिक्योरिटीज की 1.46 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

क्या है शेयर की कीमत

बीते शुक्रवार को अपर सर्किट लगने के बाद ग्लोबल वेक्टरा हेलीकॉर्प के शेयर की कीमत आज एनएसई पर ?166.65 थी। यह शेयर का ऑल टाइम हाई है। बता दें कि एक महीने में विजय केडिया का यह स्टॉक लगभग ?110.75 से बढ़कर ?166.65 प्रति शेयर हो गया है, जिससे इसके शेयरधारकों को 50 प्रतिशत से अधिक का मुनाफा हुआ है। ड्ढञ्जष्ठ आधार पर एयरलाइन स्टॉक ने अपने शेयरधारकों को लगभग 30 प्रतिशत का पॉजिटिव रिटर्न दिया है।

49 पर जा सकता है सुजलॉन का शेयर, सालभर में 416 प्रतिशत चढ़ गया भाव

नई दिल्ली, एजेंसी। अगर आप भी किसी रिन्यूएबल एनर्जी शेयर पर दांव लगाने की सोच रहे हैं तो आप सुजलॉन एनर्जी पर फोकस रख सकते हैं। सुजलॉन एनर्जी के शेयर को लेकर मार्केट एक्सपर्ट बुलिश हैं और इसे खरीदने की सलाह दे रहे हैं। ब्रोकरेज फर्म आनंद राठी ने सुजलॉन एनर्जी के शेयर पर 49 रुपये का टारगेट प्राइस दिया है और इसे खरीदने की सलाह दी है।

आनंद राठी के मुताबिक, कंपनी को मार्च तिमाही में मजबूत विंड टर्बाइन डिलीवरी की उम्मीद है। घरेलू ब्रोकिंग फर्म ने सुजलॉन एनर्जी लिमिटेड के लिए 313 मेगावाट का अनुमान लगाया है। इसमें कहा गया है कि इससे कमाई में तेजी से बढ़ोतरी होगी। आनंद राठी ने हाल ही में सरकार की महत्वाकांक्षी विकास योजनाओं के बीच विंड एनर्जी सेक्टर पर नए सिरे से फोकस करने के लिए बाय रेटिंग के साथ सुजलॉन एनर्जी पर कवरेज शुरू किया है। आनंद राठी ने सुजलॉन एनर्जी पर 49 रुपये का टारगेट रखा है। भारत की विंड टर्बाइनों में 32 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी के साथ, सुजलॉन एनर्जी वित्त वर्ष 2006 के बाद पहली बार एफवाय24 में नेट-कैश में बदल गई। बीते शुक्रवार को सुजलॉन एनर्जी के शेयर 0.50 फीसदी की गिरावट के साथ 42.01 रुपये पर कारोबार कर रहे थे। सुजलॉन एनर्जी के शेयर महीनेभर में 6.85 प्रतिशत और छह महीने में 50 प्रतिशत तक चढ़ गए हैं।

लोकसभा चुनाव से पहले आलू-प्याज की थोक कीमतों में 50 प्रतिशत से अधिक का इजाफा, डब्ल्यूपीआई मार्च में 0.53 प्रतिशत पर

नई दिल्ली, एजेंसी। थोक महंगाई दर मार्च महीने में मामूली रूप से बढ़कर 0.5 प्रतिशत हो गई है, यह पिछले महीने में 0.2 प्रतिशत थी। सरकार की ओर से सोमवार को इससे जुड़े आंकड़े जारी किए गए। वाणिज्य मंत्रालय के सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति सालाना आधार पर मार्च में बढ़कर 0.53 प्रतिशत हो गई, जो फरवरी में 0.20 प्रतिशत थी।

थोक प्याज की कीमतें फरवरी में 29.22 प्रतिशत बढ़ी थीं जो मार्च में 56.99 प्रतिशत तक बढ़ गई। भारत को अगली खरीफ फसल की कटाई तक प्याज की आपूर्ति में बड़ी कमी का सामना करना पड़ सकता है। इस बीच, आलू के थोक मूल्य सूचकांक मार्च में 52.96 प्रतिशत बढ़े जबकि फरवरी में इसमें 15.34 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। आंकड़ों के अनुसार एक साल पहले मार्च महीने में प्याज की थोक कीमतों में 36.83 प्रतिशत और आलू में 25.59 प्रतिशत की गिरावट आयी थी।

थोक खाद्य मुद्रास्फीति में सालाना आधार पर 4.7 प्रतिशत का इजाफा

मार्च, 2024 के महीने के लिए डब्ल्यूपीआई सूचकांक में महीने-दर-महीने का परिवर्तन फरवरी, 2024 की तुलना में 0.40 प्रतिशत रहा। थोक खाद्य मुद्रास्फीति फरवरी में सालाना आधार पर 4.1 प्रतिशत बढ़ने के बाद मार्च में 4.7 प्रतिशत तक बढ़ गई। वहीं, मासिक आधार पर खाद्य मुद्रास्फीति फरवरी में 0.11 प्रतिशत बढ़ने के बाद मार्च में 1.01 प्रतिशत बढ़ी।

मार्च, 2024 में मुद्रास्फीति की सकारात्मक दर मुख्य रूप से खाद्य पदार्थों, बिजली, कच्चे पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस, मशीनरी और उपकरण और अन्य विनिर्माण आदि की कीमतों में वृद्धि के कारण है। कच्चे पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस क्षेत्र की थोक मुद्रास्फीति मार्च में 4.87 प्रतिशत बढ़ी जबकि पिछले साल इसी महीने में इसमें 1.19 प्रतिशत की गिरावट आई थी।

एलन मस्क की कार में लगेंगे टाटा के चिप्स, टेस्ला के साथ हुई डील

नई दिल्ली, एजेंसी। एलन मस्क की कंपनी टेस्ला और टाटा इलेक्ट्रानिक्स के बीच एक स्ट्रैटजिक डील हुई है। टेस्ला ने अपनी कारों के लिए टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स से सेमीकंडक्टर चिप्स खरीदने के लिए यह डील की है। यह डील इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स को टॉप ग्लोबल क्लांट के लिए विश्वसनीय सप्लायर के रूप में स्थापित करेगा। यह समझौता कुछ ही महीनों में पूरा हो जाएगा। इलेक्ट्रिक व्हीकल बनाने वाली दुनिया की यह टॉप कंपनी भारत में एंट्री करना चाहती है। भारत दुनिया का सबसे तेज गति से बढ़ने वाला ऑटोमोटिव मार्केट के रूप में उभर रहा है। टेस्ला के सीईओ एलन मस्क इस महीने पीएम मोदी से मिलने भारत आ रहे हैं। मस्क के इस भारत दौरे से टेस्ला के जरिए भारी निवेश की उम्मीद है। ईटी की खबर के मुताबिक टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स और टेस्ला के बीच डील की रकम को लेकर कोई खुलासा नहीं हुआ है। दोनों कंपनियों ने इस डील पर अभी कोई टिप्पणी नहीं की है। डील की यह खबर सूत्रों ने दी है। इंडियन इलेक्ट्रॉनिक्स एंड सेमीकंडक्टर एसोसिएशन के प्रसीडेंट अशोक चंडक ने कहा है कि टेस्ला का यह फैसला इलेक्ट्रानिक्स के लोकल स्प्लायर्स के लिए एक इकोसिस्टम क्रिएट करेगा, जो यह बताता है कि अब एक मार्केट पर निर्भर नहीं है। टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स ने हाल के महीनों में 50-60 टॉप लेवल के एक्सपर्ट्स की भर्ती करके अपने वर्कफोर्स को बढ़ाया है। टाटा इस भर्ती से सेमीकंडक्टर टेक्नॉलजी, स्ट्रैटजिक प्लान और डिजाइन में इनकी विशेषज्ञता का लाभ उठाएगा। उद्योग के कई एक्सपर्ट्स अनुमान लगा रहे हैं कि टेस्ला कम से कम 2 से 3 अरब डॉलर के निवेश के जरिए भारत में ही ईवी बनाएगा। इस तरह की खबरें हैं कि टेस्ला भारत में अपना मैन्यूफैक्चरिंग प्लांट लगा सकता है। बता दें हाल के नीतिगत बदलावों ने ऑटो मैन्यूफैक्चरर को 15 फीसद कम आयात शुल्क पर 35,000 डॉलर या उससे अधिक रेट वाले ईवी आयात करने की मंजूरी दी है, लेकिन यह भारत में मैन्यूफैक्चरिंग प्लांट स्थापित करने के लिए तीन साल के अंदर 500 मिलियन डॉलर का निवेश करने के लिए वाहन निर्माताओं की प्रतिबद्धता पर निर्भर होगा।

बायजू इंडिया के सीईओ का मोहभंग ! पद संभालने के 7 महीने में ही दिया इस्तीफा

नई दिल्ली, एजेंसी। एडुटेक कंपनी बायजू का संकट बढ़ता जा रहा है। बायजू इंडिया के सीईओ अर्जुन मोहन ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। अब बायजू के फाउंडर बायजू रवींद्रन डेली ऑपरेशनल वर्क को संभालेंगे। बता दें कि अर्जुन मोहन को पदभार संभाले सिर्फ 7 महीने ही हुए थे। मतलब ये कि उन्होंने एक साल के भीतर ही अपने पद को छोड़ दिया है। कंपनी ने 15 अप्रैल को एक बयान में कहा- बायजू इंडिया के सीईओ अर्जुन मोहन ने पदभार संभालने के लगभग 7 महीने बाद ही अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। फाउंडर बायजू रवींद्रन डेली ऑपरेशनल जिम्मेदारियों को फिर से शुरू कर रहे हैं। रवींद्रन करीब 4 साल बाद एक बार फिर वापसी कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अर्जुन मोहन एक एक्सटर्नल एडवाइजर की भूमिका में जाएंगे।



बायजू में बदलाव ऐसे समय में हुआ है जब कंपनी ने अपने परिचालन को तीन केंद्रित डिवीजनों - द लर्निंग ऐप, ऑनलाइन क्लासेस एंड ट्यूशन सेंटर और टेस्ट-प्रीप में कंसोलिडेट किया है। इनमें से प्रत्येक यूनिट में अलग-अलग लीडर होंगे जो कंपनी के प्रॉफिट को सुनिश्चित करने के लिए कारोबार को स्वतंत्र रूप से चलाएंगे।

आर्थिक संकट से जूझ रही कंपनी- बायजू आर्थिक संकट से जूझ रही है। कंपनी कर्मचारियों को समय से सैलरी नहीं दे पा रही तो बड़े पैमाने पर छंटनी हो रही है। इसके अलावा कुछ निवेशकों की वजह से कानूनी लड़ाई भी लड़ना पड़ रहा है। कंपनी ने कर्मचारियों के वेतन से संबंधित खर्चों सहित अपनी परिचालन आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए राइट्स इश्यू से 20 करोड़ अमेरिकी डॉलर जुटाए थे। हालांकि, चार निवेशकों - प्रोसस, जनरल अटलांटिक, सोफिना और पीक 15 ने राइट इश्यू के खिलाफ राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) में यह कहते हुए याचिका दायर की कि इससे कंपनी की शेयरधारिता में बदलाव होगा।

बीकॉम, बीबीए, एमबीए के साथ मिलेगी फ्री स्किल डेवलपमेंट ट्रेनिंग

जबलपुर। इंटरनेशनल डिजाइन एकेडमी (आईडीए) , विजयनगर में फाउंडर्स डे उत्साह से सेलिब्रेट किया गया। जहां आईडीए कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड मैनेजमेंट का शुभारंभ हुआ। उल्लेखनीय है कि कॉलेज में न सिर्फ छात्र बीकॉम, बीबीए, एमबीए जैसे डिग्री कोर्स कर सकेंगे बल्कि उन्हें फ्री स्किल डेवलपमेंट ट्रेनिंग भी दी जाएगी, ताकि वे अपनी रुचि को पहचानकर अपने करियर को नई ऊंचाई प्रदान कर सकें। मुख्य अतिथि आईडीए डायरेक्टर बतुल कुसई अली ने फाउंडर्स डे व इंस्टीट्यूट का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि ये पहल छात्रों के लिए एक सुनहरा अवसर है, डिग्री कोर्सेज के साथ उन्हें स्वरोजगार से जुड़ने का शानदार अवसर मिलेगा। उन्होंने बताया कि इंटरनेशनल डिजाइन एकेडमी पिछले 10 सालों से फैशन डिजाइनिंग, इंटीरियर डिजाइनिंग, मेकअप आर्टिस्ट जैसे कोर्सेज संस्कारधानी के साथ ही समूचे भारत में करा रही है, एकेडमी द्वारा छात्रों का भविष्य संवारने का कार्य निरंतर किया जा रहा है। फाउंडर्स डे के दौरान हुए कन्वोकेशन में पास आउट होने वाले छात्रों को डिग्रियां प्रदान की गई। साथ ही भूतपूर्व छात्रों का फेयरवेल भी हुआ। उत्साह से भरे इस माहौल में सभी ने एकेडमी में बिताए पलों को खूब याद किया। समारोह में डायरेक्टर बतुल कुसई अली, कुसई अली असगर, सुष्मिता जयपुरिया,अमृता गुप्ता, आयशा मंध्यानी, प्रखर नामदेव,सजल अग्रवाल, काजोल सिंह ठाकुर, अनुराधा सिंह, रितिका डेकाटे, प्रहलाद मरावी, वंशिका जैन,देविका सिंह आदि की विशेष उपस्थिति रही।

8 रुपये पर आया सोलर कंपनी का आईपीओ, डेढ़ साल में ही 1700 रुपये के पार पहुंचा शेयर, 4400त्न की तूफानी तेजी

नईदिल्ली, एजेंसी। सोलर पैनल और मॉड्यूल्स बनाने वाली छोटी कंपनी इंसोलेशन एनर्जी के शेयरों ने डेढ़ साल में ही निवेशकों को मालामाल कर दिया है। इंसोलेशन एनर्जी का आईपीओ सितंबर 2022 में आया था। आईपीओ में इंसोलेशन एनर्जी के शेयरों का दाम 38 रुपये था। कंपनी के शेयर 15 अप्रैल 2024 को 1700 रुपये के पार पहुंच गए हैं। इंसोलेशन एनर्जी के शेयरों ने पिछले डेढ़ साल में निवेशकों को 4400 पर्सेंट से अधिक का रिटर्न दिया है। कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 1750 रुपये है। आईपीओ में इंसोलेशन एनर्जी के शेयरों का दाम 38 रुपये था। कंपनी के शेयर 10 अक्टूबर 2022 को 76.10 रुपये पर लिस्ट हुए। लिस्टिंग वाले दिन ही इंसोलेशन एनर्जी के शेयर 79.90 रुपये पर पहुंच गए। इसके बाद से कंपनी के शेयरों में जबरदस्त तेजी देखने को मिल रही है। इंसोलेशन एनर्जी के शेयर 15 अप्रैल 2024 को 1743.85 रुपये पर पहुंच गए हैं। 38 रुपये के इश्यू प्राइस के मुकाबले कंपनी के शेयर 4400 पर्सेंट से अधिक चढ़ गए हैं। कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 118.50 रुपये है।

इंसोलेशन एनर्जी के शेयरों में पिछले एक साल में 1070 पर्सेंट का उछाल आया है। कंपनी के शेयर 17 अप्रैल 2023 को 149 रुपये पर थे। इंसोलेशन एनर्जी के शेयर 15 अप्रैल 2024 को 1743.85 रुपये पर पहुंच गए हैं। पिछले 6 महीने में कंपनी के शेयरों में 295 पर्सेंट की तेजी देखने को मिली है। इंसोलेशन एनर्जी के शेयर 16 अक्टूबर 2023 को 445.10 रुपये पर थे, जो कि अब 1700 रुपये के पार पहुंच गए हैं।

2700 से टूटकर ?11 पर आया यह शेयर, ट्रेडिंग हुई बंद, अब कंपनी के ऑडिटर पर लगा बड़ा जुर्माना

नईदिल्ली, एजेंसी। अनिल अंबानी की दिवालिया कंपनी- रिलायंस कैपिटल से जुड़े मामले में राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग प्राधिकरण (एनएफआरए) ने एक ऑडिट कंपनी और दो ऑडिटर पर कुल 4.5 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। मामला 2018-19 में रिलायंस कैपिटल की वित्तीय स्थिति की ऑडिटिंग में कथित खामियों से जुड़ा है। वित्त वर्ष 2018-19 के रिलायंस कैपिटल के वैधानिक ऑडिट के लिए झा एंगेजमेंट पार्टनर (ईपी) थे और शाह एंगेजमेंट क्वालिटी कंट्रोल रिव्यू (ईक्यूसीआर) पार्टनर थे। कंपनी का 2018-19 में प्राइस वॉटरहाउस एंड को. एलएलपी (पीडब्ल्यू) और पाठक एचडी एंड एसोसिएट्स द्वारा संयुक्त रूप से ऑडिट किया गया था। एनएफआरए ने 12 अप्रैल के आदेश में कहा कि संदिग्ध धोखाधड़ी की रिपोर्ट करने और अन्य संयुक्त लेखा परीक्षक (पीडब्ल्यू) द्वारा इस्तीफे के बावजूद लेखा परीक्षकों ने ऑडिटिंग के मानकों (एसए) के तहत पर्याप्त प्रक्रियाएं पूरी नहीं की।

पाठक एचडी एंड एसोसिएट्स पर तीन करोड़ रुपये, परिमल कुमार झा पर एक करोड़ रुपये और विशाल डी शाह पर 50 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। इसके अलावा झा और शाह पर ऑडिट से जुड़े काम करने पर क्रमशः 10 साल और पांच साल की रोक लगा दी गई है।

हिंदुजा समूह ने किया है अधिग्रहण

भारी कर्ज की वजह से अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस कैपिटल के स्वामित्व में बदलाव हुआ है। इस कंपनी का अधिग्रहण हिंदुजा समूह ने किया है। बता दें कि नवंबर 2021 में शासन संबंधी चिंताओं और भुगतान में चूक के कारण अनिल अंबानी समूह की कंपनी के बोर्ड को भारतीय रिजर्व बैंक ने भंग कर दिया था। इसके बाद कंपनी की दिवालिया प्रक्रिया शुरू हो गई। बता दें कि रिलायंस कैपिटल के शेयर साल 2008 में 2700 रुपये के स्तर तक पहुंच गए थे। हालांकि, इसके बाद शेयर में गिरावट का सिलसिला शुरू हुआ और यह 99 फीसदी से ज्यादा टूट चुका है। फिलहाल, रिलायंस कैपिटल की ट्रेडिंग बंद है और कंपनी की डी-लिस्टिंग होने वाली है।

खास खबर

आईपीएल-2024

आरआर-केकआर के बीच रोमांचक मैच की उम्मीद

कोलकाता। राजस्थान रॉयल्स की टीम मंगलवार को इंडियन प्रीमियर लीग में जब दो बार के चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) से भिड़ेगी तो उसके बल्लेबाजों के सामने ईडन गार्डन्स पर सुनील नारायण की गेंदबाजी का जवाब ढूंढ़ने की चुनौती होगी। अगले महीने 36 बरस के होने जा रहे नारायण ने 2012 और 2014 में पूर्व कप्तान गौतम गंभीर के नेतृत्व में केकेआर की दो खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाई थी। वर्ष 2012 में नाइट राइडर्स का हिस्सा बनने के बाद से नारायण ने ईडन गार्डन्स पर अपनी गेंदबाजी से विरोधी बल्लेबाजों को काफी परेशान किया है। मेंटर के रूप में टीम में गंभीर की वापसी के बाद नारायण ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए टीम को खिताब के दावेदारों में शामिल कर दिया है। तालिका की शीर्ष दो टीमों के बीच होने वाले इस मुकाबले में अगर केकेआर जीत दर्ज करता है तो 10 टीम की अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच जाएगा। रविवार को लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ केकेआर की आठ विकेट की जीत में फिल सॉल्ट को नाबाद तूफानी अर्धशतक जड़ने के लिए मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया. लेकिन वह नारायण थे जिनकी किफायती गेंदबाजी के सामने लखनऊ की टीम सात विकेट पर 161 रन ही बना सकी।

राजस्थान रॉयल्स को हराकर अंक तालिका के शीर्ष पर पहुंचना चाहेगा कोलकाता नाइट राइडर्स

मौजूदा सत्र में 155 से अधिक के स्ट्राइक रेट से रन बनाने वाले रॉयल्स के संजू सैमसन, रियान पराग और शिमरोन हेटमायर जैसे बल्लेबाजों को हालांकि नारायण की चुनौती का हल ढूंढ़ना होगा। यह देखना होगा कि जोस बटलर इस मुकाबले के लिए फिट हैं या नहीं। वह पंजाब किंग्स के खिलाफ रॉयल्स के पिछले मैच में नहीं खेल पाए थे। मौजूदा सत्र में नारायण बल्ले से भी काफी अच्छी फॉर्म में हैं और उन्होंने 183.51 के स्ट्राइक रेट से 33 से अधिक की औसत से रन बनाए हैं। आईपीएल के इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी मिशेल स्टार्क ने भी सुपरजाइंट्स के खिलाफ पिछले मैच में लय हासिल करते हुए 28 रन देकर तीन विकेट चटकाए थे। इस मैच में मुख्य मुकाबला केकेआर की गेंदबाजी और रॉयल्स की बल्लेबाजी के बीच होगा। केकेआर की एकमात्र कमजोर कड़ी उसके कप्तान श्रेयस अय्यर हैं जो खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं। वे बड़ी पारियां खेलने में विफल रहे हैं। लखनऊ के खिलाफ 162 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए अय्यर 38 गेंद में 38 रन बनाकर नाबाद रहे थे लेकिन उन्हें तेज गेंदबाजों और स्पिनरों दोनों के खिलाफ परेशानी हुई थी। मौजूदा सत्र में केकेआर की बल्लेबाजी शीर्ष क्रम में सॉल्ट और नारायण की आक्रामक बल्लेबाजी और डेथ ओवरों में आंद्रे रसेल के तूफानी तेवरों पर निर्भर रही है। टीम के भारतीय बल्लेबाज मौजूदा सत्र में अब तक प्रभाव नहीं छोड़ पाए हैं।

स्टार्क भी रंग में लौटे

मिचेल स्टार्क भी रंग में लौट आए हैं। इससे भी केकेआर के हौसले बुलंद होंगे। उन्होंने लखनऊ के खिलाफ मैच में आखिरी ओवर में 2 अहम विकेट लिए थे और मैच में कुल 3 शिकार किए थे।

सुनील नरेन केकेआर के ट्रंप कार्ड

सुनील नरेन आईपीएल 2024 में अबतक केकेआर के लिए ट्रंप कार्ड साबित हुए हैं। वो गेंद और बल्ले दोनों से कमाल दिखा रहे। वो इस सीजन में काफी किफायती साबित हो रहे। उन्होंने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 19 रन दिए थे और 1 विकेट झटका था। वहीं, लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ भी नरेन ने 17 रन ही दिए थे। वो बीच के ओवर में विपक्षी टीम के बल्लेबाजों की गति को विराम लगा रहे हैं।

टीम इस प्रकार हैं:

कोलकाता नाइट राइडर्स: श्रेयस अय्यर (कप्तान), केएस भरत, रहमानुल्लाह गुरबाज, रिंकू सिंह, अंगकृष रघुवंशी, शेरफेन रदरफोर्ड, मनीष पांडे, आंद्रे रसेल, नितीश राणा, वेंकटेश अय्यर, अनुकूल रॉय, रमनदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, सुनील नारायण, वैभव अरोड़ा, चेतन सकारिया, हर्षित राणा, सुयश शर्मा, मिशेल स्टार्क, दुष्मंता चमीरा, साकिब हुसैन और मुजीब उर रहमान।

राजस्थान रॉयल्स: संजू सैमसन (कप्तान), जोस बटलर, शिमरोन हेटमायर, यशस्वी जायसवाल, ध्रुव जुरेल, रियान पराग, डोनोवन फरेरा, कुणाल राठौड़, रविचंद्रन अश्विन, कुलदीप सेन, नवदीप सैनी, संदीप शर्मा, ट्रेंट बोल्ट, युजवेंद्र चहल, आवेश खान, रोवमैन पॉवेल, शुभम दुबे, टॉम कोहलर-कैडमोर, आबिद मुश्ताक, नांद्रे बर्गर, तनुष कोटियन और केशव महाराज। **समय : मैच शाम 7 :30 बजे शुरू होगा।**

मुंबई के खिलाफ मैच के बाद लंगड़ाते नजर आए माही

नई दिल्ली। महेंद्र सिंह धोनी ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ मुकाबले में अपनी 4 गेंद पर 20 रन की आतिशी पारी से सबका दिल जीत लिया। आखिर में धोनी के ये 20 रन ही मुंबई इंडियंस पर भारी पड़े और उसे इतने ही अंतर से चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ घर में मैच गंवाना पड़ा। धोनी ने इस मैच में सीएसके की पारी की आखिरी 3 गेंदों पर तीन छक्के मारे और उनकी इस पारी की मदद से चेन्नई ने मुंबई को 207 रन का टार्गेट दिया। हालांकि, मैच के बाद उनका एक वीडियो सामने आया है, जिसके बाद सीएसके टीम मैनेजमेंट और फैंस की चिंता जरूर बढ़ गई होगी। क्योंकि धोनी लंगड़ाते हुए नजर आए। इससे यही आशंका है कि उनके घुटने की चोट दोबारा उबर आई है। धोनी एक वीडियो में होटल लौटने के बाद लंगड़ाते नजर आ रहे हैं और उनके घुटने पर बैंडेज भी लगी दिखाई दी। चेन्नई की टीम जब फील्डिंग कर रही थी, तब सीएसके के तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना ने धोनी के पैर पर गेंद मार दी थी। इसके बाद से ही धोनी तकलीफ में नजर आ रहे थे।

टी20 वर्ल्ड कप

जल्द होगी टीम इंडिया की घोषणा

रिंकू-राहुल-संजू हो सकते शामिल

नई दिल्ली। आईसीसी मेन्स टी20 वर्ल्ड कप 2024 की शुरुआत में कुछ ही दिन बचे हैं, और इसके लिए भारतीय टीम का ऐलान जल्द होने वाला है। टीम का चयन अजीत अगरकर की अगुवाई में भारतीय चयनकर्ताओं की मीटिंग में किया जाएगा, जो कि इस महीने की आखिरी तारीख या अगले माह के पहले दिन हो सकती है। इसी बीच टी20 वर्ल्ड कप के लिए आईसीसी ने टीम घोषित करने की डेडलाइन 1 मई रखी है। आगामी टी20 वर्ल्ड कप 1 जून से यूएसए और वेस्टइंडीज में खेला जाना है। टी20 वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम का ऐलान जल्द होने वाला है। इसके लिए अजीत अगरकर की अगुवाई में भारतीय चयनकर्ताओं की मीटिंग इस महीने की आखिरी तारीख (30 अप्रेल) या अगले माह के पहले दिन हो सकती है।

टी20 वर्ल्ड कप के लिए आईसीसी ने टीम घोषित करने की डेडलाइन 1 मई रखी है। यानी इस डेट तक में सभी 20 देशों को अपनी-अपनी टीमें चुन लेनी है। भारतीय फैन्स को भी अपनी टीम के चुने जाने का बेसब्री से इंतजार है। भारतीय चयनकर्ता तो अपनी टीम चुनेंगे ही, उससे पहले हम आपको बताते हैं कि कौन से वे खिलाड़ी हैं, जिन्हें टी20 वर्ल्ड कप खेलने का मौका मिल सकता है।

सुनील गावस्कर ने साधा हार्दिक पांड्या पर निशाना

कहा- बेहद साधारण गेंदबाजी और कप्तानी

मुंबई। भारत के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या को मौजूदा आईपीएल में मुंबई इंडियंस की चौथी हार के बाद प्रमुख पूर्व खिलाड़ियों की तीखी आलोचना का सामना करना पड़ा। पूर्व बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने अब तक 'बिलकुल साधारण गेंदबाजी और साधारण कप्तानी' के लिए उनकी आलोचना की। मुंबई की कप्तानी संभालने के बाद से प्रशंसकों की हूटिंग का सामना कर रहे पांड्या को रविवार रात चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ टीम की 20 रन की हार के बाद गावस्कर और इंग्लैंड के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन की आलोचना झेलनी पड़ी। पांड्या ने पारी के अंतिम ओवर में 26 रन लुटाए जिसमें महेंद्र सिंह धोनी ने लगातार तीन छक्के मारे। गावस्कर ने कहा, 'ओह, बेहद साधारण गेंदबाजी, साधारण कप्तानी। शिवम दुबे के साथ रुतुराज गायकवाड़ के काफी अच्छी बल्लेबाजी करने के बावजूद उन्हें कम स्कोर पर रोका जाना चाहिए था। मेरा मानना है कि उन्हें 185-190 रन तक रोका जाना चाहिए था।' उन्होंने कहा, 'संभवतः सबसे बदतर गेंदबाजी जो मैंने काफी लंबे समय में देखी है।' पांड्या ने तीन ओवर में 43 रन देकर दो विकेट चटकाए और बल्लेबाजी करते हुए भी छह गेंद में सिर्फ दो रन बना पाए।

लारा ने मुंबई को दी सलाह

मुंबई। वेस्टइंडीज के पूर्व महान खिलाड़ी ब्रायन लारा ने इंडियन प्रीमियर लीग में चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ मुंबई इंडियंस की 20 रन की हार के बाद कहा कि मुंबई के गेंदबाजी आक्रमण में जसप्रीत बुमराह के अलावा अधिक दम नहीं है और उन्हें खेल के इस विभाग में सुधार करने की जरूरत है। बुमराह (चार ओवर में 27 रन देकर कोई विकेट नहीं) को सुपरकिंग्स के खिलाफ कोई सफलता नहीं मिली जो उनके द्वारा स्थापित शीर्ष मानकों को देखते हुए बेहद सामान्य प्रदर्शन है। मुंबई के कप्तान के पारी के अंतिम ओवर में धोनी ने भी लगातार तीन छक्के मारे और रविवार रात अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। जब हम मुंबई इंडियंस को देखते हैं तो बहुत से लोग उन्हें प्रबल दावेदार के रूप में देखते हैं, सिर्फ इसलिए कि वे इतनी अच्छी बल्लेबाजी कर रहे थे।

हरियाणा की पलक ने शूटिंग में दिलाया 20वां ओलंपिक कोटा

- क्वालिफाइंग इवेंट में जीता कांस्य

नई दिल्ली। हांगझोऊ एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता पलक ने शूटिंग में देश को 20वां ओलंपिक कोटा दिलाया है। पलक ने रियो डि जेनेरियो (ब्राजील) में खेली जा रही अंतिम ओलंपिक क्वालिफाइंग इवेंट में 10 मीटर एयर पिस्टल का कांस्य पदक जीता। वहीं संयम पांचवें स्थान पर रहीं। आर्मेनिया की एल्मीरा कारापेत्यान ने स्वर्ण और थाईलैंड की कमोनलाक साएंचा ने रजत और ओलंपिक कोटा जीता। पलक और संयम ने 578 का समान स्कोर कर इस इवेंट के फाइनल में प्रवेश किया था। हालांकि फाइनल में पलक और संयम दोनों पिछड़ी हुई चल रही थीं, लेकिन दोनों ने बाद में वापसी की। हंगरी की वेरोनिका मेजर एक समय में आगे चल रही थीं, लेकिन बाद में वह पिछड़ गईं, जिसका फायदा पलक को मिला।

सनराइजर्स ने रिकॉर्डतोड़ स्कोर के साथ आरसीबी को दी मात

आईपीएल 2024 का 30वां मुकाबला बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच खेला गया। इस रोमांचक मैच में हैदराबाद ने बेंगलुरु को 25 रन से मात दी। SRH की ये चौथी जीत है जबकि आरसीबी को एक बार फिर हार का मुंह देखना पड़ा। उसने लगातार 5वां मैच गंवाया है। ट्रेविस हेड की तूफानी सेंचुरी के दम पर एसआरएच ने 287/3 का स्कोर खड़ा किया। ये आईपीएल इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर है। एसआरएच ने अपना ही रिकॉर्ड तोड़ा है। हैदराबाद ने मौजूदा सीजन में 27 मार्च को मुंबई के खिलाफ 277 रन बनाए थे।

वहीं ट्रेविस हेड के आक्रामक शतक और कप्तान पैट कमिंस ने उम्दा प्रदर्शन किया। हेड के पहले टी20 शतक के अलावा हेनरिच क्लासेन ने ताबड़तोड़ 67 रन बनाये जिसकी मदद से सनराइजर्स ने टूर्नामेंट के इतिहास का रिकॉर्ड स्कोर जड़ते हुए तीन विकेट पर 287 रन बनाये। सनराइजर्स ने इसी सत्र में 27 मार्च को मुंबई इंडियंस के खिलाफ तीन विकेट पर 277 रन बनाकर रिकॉर्ड अपने नाम किया था और आज अपना ही रिकॉर्ड तोड़ दिया। जवाब में आरसीबी की टीम सात विकेट पर 262 रन ही बना सकी।

कमिंस ने 43 रन देकर बेजान पिच पर तीन विकेट लिये। इस आईपीएल मैच में 40 ओवरों में 549 रन बने जो एक रिकॉर्ड है। कप्तान फाफ डु प्लेसी और दिनेश कार्तिक ने आरसीबी को चमत्कारिक जीत दिलाने की कोशिश की लेकिन नाकाम रहे। डु प्लेसी ने 28 गेंद में सात चौकों और चार छक्कों की मदद से 62 रन बनाये जबकि कार्तिक ने 35 गेंद में 83 रन बना डाले जिसमें पांच चौके और सात छक्के शामिल थे। डु प्लेसी और विराट कोहली ने तेज शुरूआत करते हुए सिर्फ 3.5 ओवर में 50 रन जोड़ लिये।

सनराइजर्स ने 50 रन 4.3 ओवर में बनाये थे। फाफ और कोहली ने पावरप्ले में 79 रन बनाये और 6.2 ओवर में स्कोर 80 रन था। इसके बाद लेग स्पिनर मयंक मार्कंडेय ने कोहली का कीमती विकेट लेकर मैच की तस्वीर बदल दी। मार्कंडेय को स्लॉग स्वीप खेलने के प्रयास में कोहली चूके और गेंद स्टम्प पर जा लगी। उसके बाद आरसीबी ने 41 रन के भीतर चार विकेट गंवा दिये।

चौथा विकेट डु प्लेसी के रूप में गिरा जिन्होंने कमिंस को लगातार चौका छक्का लगाया लेकिन विकेट के पीछे क्लासेन को कैच दे बैठे। इसी ओवर में कमिंस ने सौरव चौहान (0) को भी आउट किया।

कार्तिक और महिपाल लोमरोर (19) ने मार्कंडेय के आखिरी ओवर में 25 रन बनाये और छठे विकेट के लिये 29 गेंद में 59 रन जोड़े। लेकिन लक्ष्य इतना बड़ा था कि हर प्रयास छोटा पड़ गया। इससे पहले ट्रेविस ने आरसीबी को शानदार शुरूआत देते हुए 41 गेंद में 102 रन बनाये जिसमें नौ चौके और आठ छक्के शामिल थे। इससे पहले आरसीबी ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। आस्ट्रेलिया के बल्लेबाज हेड ने अभिषेक शर्मा के साथ 49 गेंद में 108 रन की साझेदारी की। शर्मा ने 22 गेंद में 34 रन बनाये।

इसके बाद हेड और हेनरिच क्लासेन ने 26 गेंद में 57 रन की साझेदारी की। क्लासेन ने 31 गेंद में 67 रन बनाये जिसमें दो चौके और सात छक्के शामिल थे। हेड ने आरसीबी के तेज गेंदबाजों रीसे टॉपली और ग्लेन मैक्सवेल की जगह उतरे लॉकी फर्ग्युसन की जमकर धुनाई की। आरसीबी के लिये पदार्पण कर रहे फर्ग्युसन ने पहले ही ओवर में 18 रन दे डाले। उनकी पहली गेंद पर हेड ने स्क्वेयर लेग के ऊपर से छक्का लगाया। अगली गेंद उन्होंने शॉर्ट डाली लेकिन हेड ने मिड आन पर छक्का लगा दिया। इस बीच शर्मा को टॉपली ने स्कवेयर लेग पर फर्ग्युसन के हाथों लपकवाया। इसके बाद हेड और क्लासेन ने चौकों छक्को की बरसात करके तेजी से रन बनाये।हेड ने तेज गेंदबाज विजयकुमार विशाख को चौका जड़कर अपना शतक पूरा किया।

वह हालांकि फर्ग्युसन की गेंद पर मिड आफ में फाफ डु प्लेसी को कैच देकर पवेलियन लौटे। इसके बावजूद रनगति कम नहीं हुई। क्लासेन ने 23 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने बायें हाथ के आफ स्पिनर महिपाल लोमरोर के एकमात्र ओवर में 18 रन निकाले। क्लासेन को विशाख ने फर्ग्युसन के हाथों लपकवाया।

इसके बाद एडेन माक्ररम और अब्दुल समद ने मिलकर 277 रन का रिकॉर्ड तोड़ा। समद ने सिर्फ दस गेंद में तीन छक्कों और चार चौकों की मदद से 37 रन बनाये जबकि माक्ररम 17 गेंद में 32 रन बनाकर नाबाद रहे। दोनों ने चौथे विकेट की अटूट साझेदारी में 56 रन जोड़े।

बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच खेला गया। इस रोमांचक मैच में हैदराबाद ने बेंगलुरु को 25 रन से मात दी। SRH की ये चौथी जीत है जबकि आरसीबी को एक बार फिर हार का मुंह देखना पड़ा। उसने लगातार 5वां मैच गंवाया है।

बालाजी कन्सट्रक्शन कम्पनी

शॉप नं0 14, ओम कॉम्प्लेक्स, नया बॉस, सेक्टर–15, नोएडा (गौतमबुद्धनगर)

फोन– 0120– 2321857

मो0– 9811082962



इन चीजों के कारण गंदा नजर आता है घर

हर व्यक्ति हमेशा अपने घर को साफ-सुथरा रखना चाहता है। एक साफ घर न केवल अच्छा दिखता है, बल्कि सकारात्मकता भी लाता है। वहीं दूसरी ओर अगर घर गंदा व अव्यवस्थित नजर आए तो इससे मन भी अशांत होता है और घर में नकारात्मकता भी पैदा होती है। हो सकता है कि आप घर को साफ-सुथरा रखते हो, लेकिन फिर भी वह मैसी व गंदा नजर आता हो। ऐसा घर में मौजूद कुछ चीजों के कारण होता है। हालांकि अगर आप इन्हें सही तरह से रखने पर ध्यान देते हैं तो इससे आपका घर हर समय अधिक व्यवस्थित दिखेगा। तो चलिए आज हम आपको कुछ ऐसी ही चीजों के बारे में बता रहे हैं, जिनकी वजह से आपका घर हमेशा गंदा नजर आता है-

भरी हुई किचन स्लैब

हम सभी जानते हैं कि एक भरी हुई किचन स्लैब हमेशा गंदी नजर आती है। ऐसे में आपको स्लैब को पहले क्रमबद्ध रखना चाहिए। इसके लिए आपको कुछ बातों का ध्यान रखना है। मसलन, किचन में एक साथ एक ही समय में 2 से 3 कार्य ना करें। जिस क्षण आप एक कार्य पूरा करते हैं, तो पहले उसे साफ करें। उसके बाद ही आप किचन में दूसरा काम फैलाएं।

बदबूदार पोंछे व मॉप्स

भले ही आपने अपने किचन को साफ सुथरा रखा हो, लेकिन अगर वहां पर बदबूदार मॉप और पोंछे हैं तो इससे आपकी किचन व घर गंदा लगता है। ताजा और साफ मोप हमेशा आपके घर को एक अच्छा इफेक्ट देते हैं और इससे आपकी रसोई भी सुव्यवस्थित दिखती है।

भरी हुई डाइनिंग टेबल

हममें से अधिकतर लोग इस पर ध्यान नहीं देते हैं लेकिन अपनी डाइनिंग टेबल को साफ-सुथरा और क्लटर फ्री रखना भी बहुत जरूरी है। अमूमन लोग डाइनिंग टेबल पर कटलरी के अलावा, टिश्यू, नमक, काली मिर्च, सॉस और अचार आदि रखते हैं। लेकिन इससे डाइनिंग टेबल काफी भरी और गंदी नजर आती है। इसलिए, हो सके तो डाइनिंग टेबल को मिनिमल ही रखें, इससे आपका लिविंग रूम व डाइनिंग एरिया उतना ही बेहतर लगेगा।

बिना लिड की लॉन्ड्री बास्केट

अमूमन घर में हम गंदे कपड़ों को रखने के लिए लॉन्ड्री बास्केट का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन इससे घर काफी मैसी लगता है। इसलिए बेहतर होगा कि अगर आप लॉन्ड्री बास्केट का इस्तेमाल कर रहे हैं तो यह सुनिश्चित करें कि उसके साथ ढक्कन जरूर हो। कवर वाला लॉन्ड्री बास्केट देखने में अव्यवस्थित नहीं लगता है। लॉन्ड्री बास्केट की तरह आपको डस्टबिन को भी बिना लिड के नहीं रखना चाहिए। यह देखने में काफी गंदा लगेगा।

भरी हुई बालकनी

अक्सर घरों में लोग बालकनी को स्टोरेज की तरह यूज करते हैं। उस एरिया को ब्यूटीफुल बनाने के लिए प्लांट्स तो लगाते हैं, लेकिन छोटी बालकनी में रखीं कुर्सियां व स्टूल्स आदि उसे भरा-भरा दिखाते हैं। इसलिए अपनी बालकनी को थोड़ा स्पेशियस ही बनाए रखें। अगर आप वहां पर सिटिंग अरेंजमेंट कर रहे हैं तो यह सुनिश्चित करें कि वह बहुत अधिक जगह ना घेरे।

रिश्तेदारों ने सवाल और ताने से कर दिया है परेशान तो ऐसे करें उन्हें हैंडल

यदि सही उम्र में शादी के बंधन में ना बंधों तो नाते-रिश्तेदारों में कई तरह की बातें शुरू हो जाती है। खासतौर पर लेट शादी करने पर रिश्तेदारों से ताने सुनने के लिए मिलते हैं। ऐसे में खुद को शांत रखते हुए ऐसे रिश्तेदारों को कैसे हैंडल करना चाहिए आप यहां जान सकते हैं।

रिश्तेदार जीवन में सुख-दुख के साथी के रूप में देखे जाते हैं। लेकिन कुछ रिश्तेदार ऐसे होते हैं, जो आपको दुख में देखकर ही खुश होते हैं। वक्त रहते ऐसे रिश्तेदारों से दूरी हो जाना ही बेहतर होता है। ऐसे लोग छोटे-छोटे मुद्दे को इतना बड़ा बना देते हैं, कि कई बार व्यक्ति मानसिक रूप से बहुत परेशान हो जाता है। खासतौर यदि बात शादी-ब्याह की हो फिर तो उनके मुंह पर लगाम लगा पाना असंभव सा काम होता है। ऐसे में यदि आप भी इस तरह के परिस्थिति का सामना कर रहे हैं, तो इस लेख में बताए गए टिप्स आपके बहुत काम आ सकते हैं।

बातों को जितना हो सके अनसुना करें

रिश्तेदारों के तानों से बचने का सबसे अच्छा तरीका है कि आप उनकी बातों को जितना हो सके उतना अनसुना करें। क्योंकि आप जितने बार उन्हें पलटकर जवाब देंगे वह उतनी बार आपको अपने तानों से परेशान करेंगे। वास्तव में वह यही चाहते हैं, कि आप उनके हर बेतुके सवाल का जवाब दें और फिर उन्हें मौका मिले आपको गलत सही का पाठ पढ़ाने का।

प्यार से अपना पक्ष रखें

शादी करना या नहीं करना बहुत ही व्यक्तिगत फैसला होता है। इसे कभी भी किसी के बहकावे में आकर नहीं करना चाहिए। इसलिए जब भी कोई रिश्तेदार आपको इसे लेकर ताने मारे या तरह-तरह से शादी करने का दबाव बनाए तो कोशिश करें कि आप एक बार शांत दिमाग से उन्हें अपना पक्ष समझा दें।

रिश्तेदारों को बताएं उनकी लिमिट

हर रिश्ते की एक अपनी एक मर्यादा होती है। इसलिए रिश्ते में प्यार बरकरार रहे इसके लिए एक-दूसरे का सम्मान करना बहुत जरूरी है। ऐसे में यदि कोई रिश्तेदार इस बात का ध्यान नहीं रखता है तो यह जरूरी है कि आप उसे इस बात का ध्यान कराएं कि उन्हें किस तक आपके जीवन के बारे में बोलने का हक है।

जवाब देना भी जरूरी

यदि आपके रिश्तेदार बार-बार समझाने के बाद भी आपको ताने देना नहीं बंद कर रहे हैं, तो आपको उन्हें करारा जवाब देने की जरूरत हैं। क्योंकि ऐसे लोग आपकी चिंता नहीं करते बल्कि आपको चिंता में देखकर खुश रहते हैं। इसलिए वह जब भी आपसे मिलेंगे कुछ ना कुछ ऐसा जरूर कहेंगे जिससे आपका मूड खराब हो सके।

परिस्थितियों का करें पूरी हिम्मत से सामना

जीवन में परिस्थितियां कब बदल जाएं, हम कह नहीं सकते। कभी जो हमारे बेहद करीब थे, वो कब हमसे दूर चले जाएं, कहा नहीं जा सकता। लेकिन मजबूत इंसान वही है, जो हर परिस्थितियों का सामना पूरी हिम्मत से करता हो। हम में से ऐसे कई लोग होंगे जिन्होंने कभी न कभी अपनों को खोया होगा। लेकिन कुछ लोग इससे उबर जाते हैं, तो कुछ खुद को हमेशा उसी परिस्थिति में पाते हैं। अपनों को खोने का दर्द बहुत गहरा होता है। खासकर उस अपने को, जो हमारे बेहद करीब थे। लेकिन इन परिस्थितियों से निकलना बहुत जरूरी होता है। सही समय पर हिम्मत के साथ आगे बढ़ना जरूरी है। आखिर कैसे हम इस पूरी परिस्थिति से निकल सकते है? कैसे खुद को मजबूत रख सकते है? आइए जानते हैं। हमेशा इस बात का ध्यान रखें कि हमारे अपने कभी-भी हमारी आंखों में आंसू नहीं देख सकते। यदि आप उन्हें याद करके दु:खी हो रहे हैं, तो इसका मतलब है कि आप उन्हें भी दुख पहुंचा रहे हैं। कोशिश करें कि खुद को आप मजबूत बनाए रखें। यादों से निकलकर वर्तमान के बारे में सोचिए। जानते हैं यह बहुत मुश्किल है। लेकिन यही हिम्मत आपको इस दु:ख से निकाल सकती है। आपके साथ मौजूद आपके अपने आपको इस परिस्थिति में देखकर कितने दु:खी होंगे? खुद को व्यस्त रखें। आपका व्यस्त रहना बेहद आवश्यक है। आप कुछ नया सीखने की कोशिश करें जिससे कि खुद को व्यस्त रख सकें। दूसरों के साथ समय बिताएं, अकेले न रहें। कोशिश करें कि आप अपने आसपास मौजूद लोगों के साथ समय बिताएं जिससे कि आपको अकेले रहने का समय ही न मिले। रात में सोने से पहले अच्छी किताब पढ़ें। किताबें इंसान की सबसे अच्छी मित्र होती हैं।

अगर आपको पेट्स पालने का शौक है, तो घर में जरूर एक नया मेहमान लेकर आएं। यह आपके मूड को फ्रेश भी रखेगा, साथ ही आप इनके साथ व्यस्त भी रहेंगे।

सिल्क की साड़ी को इस तरह से करें वॉश

महिलाएं ट्रेडिशनल लुक के लिए सिल्क की साड़ी पहनना पसंद करती हैं। बॉलीवुड एक्ट्रेस से लेकर आम महिलाएं सिल्क की साड़ी पहनती हैं। सिल्क की साड़ी की एक अलग ही चमक होती हैं। सिल्क साड़ी बहुत महंगी आती है। जिसकी वजह से साड़ी की केयर करना बहुत जरुर होता है। अगर सिल्क की साड़ी की सही से केयर ना की जाए तो साड़ी की चमक खो जाती है। महिलाएं सिल्क साड़ी को घर में वॉश नहीं करती है बल्कि ड्राई क्लीनिंग के लिए देती हैं। लेकिन हर बार साड़ी को ड्राई क्लीनिंग में देना काफी महंगा पड़ता है। आप सिल्क की साड़ी को घर में भी साफ कर सकती हैं। सिल्क की साड़ी को घर में सही तरीके से धोने से ना तो साड़ी की चमक कम होती है और ना ही साड़ी खराब होती हैं। चलिए जानते है सिल्क की साड़ी को वॉश करने का सही तरीका।

हाथ से धोना

सिल्क की साड़ी को घर पर हाथ से धोना चाहिए। सिल्क की साड़ी को धोने के लिए सबसे पहले आप एक बाल्टी में पानी लें। पानी सिल्क साड़ी वाला डिटर्जेंट पाउडर लें। अगर आप के पास डिटर्जेंट नहीं तो आप बेबी शैंपू का यूज कर सकती हैं। इसके बाद साड़ी को पांच मिनट के लिए पानी में भिगोएं। इसके बाद सिंपल पानी डाले। इस पानी में थोड़ा सा व्हाइट विनेगर डाले। विनेगर डालने से साड़ी से अतिरिक्त साबुन हट जाता है। इसके बाद तीसरी बार पानी डालकर फैब्रिक कंडीशनर मिक्स करें। इसके बाद साफ और सूखे कपड़े के ऊपर सिल्क साड़ी को रखकर रोल करें। अब टॉवल को हल्के से दबाकर साड़ी से अतिरिक्त पानी बाहर निकाल दें। इसके बाद साड़ी को दूसरे सूखें टावल पर रखें और हवा में सूखने दें।

सिल्क की साड़ी का दाग

अगर आपकी सिल्क की साड़ी पर दाग लग गया है तो आप इन बतों का ध्यान दें। दाग लगने के तुरंत बाद उसे साफ कर दें। दाग सूखने के बाद उसके निशान को हटाना काफी मुश्किल होता है। इसके अलावा आप व्हाइट विनेगर और नींबू के रस की मदद से दाग हटा सकते हैं।

इन बातों का रखें ख्याल

सिल्क साड़ी को वॉश करने से पहले उसका रंग का टेस्ट जरुर करें। सिल्क साड़ी का कलर तो नहीं निकल रहा है। सिल्क साड़ी का क्लीनिंग डिटर्जेंट सॉफ्ट होना चाहिए। क्योंकि हार्ट और ब्लीच आपकी साड़ी को खराब कर सकती है।

नेल पॉलिश लगाने से पहले नाखून काटने के साथ ही उसे सही शेप देना भी जरूरी है। साथ ही नाखून को सुखाना भी जरूरी है, क्योंकि गीले नाखून पर नेल पेंट लगाने से कोट अच्छी तरह नहीं चढ़ता है और वह जल्दी छूट जाता है। नेल पॉलिश हाथों की खूबसूरती बढ़ाता है, लेकिन नेल पेंट यदि सही तरीके से न लगाया जाए तो यह हाथों की खूबसूरती बढ़ाने की बजाय बिगाड़ सकता है।

हाथों की खूबसूरती बढ़ाने में अहम भूमिका निभाता है नेल पेंट, लेकिन...

नाखूनों की सुंदरता बढ़ाने के लिए नेल पॉलिश को सही तरीके से लगाना और नाखूनों की सही देखभाल भी जरूरी है। ब्यूटी एक्सपर्ट्स के अनुसार, नेल पेंट आपके हाथों की खूबसूरती बढ़ाने में अहम भूमिका निभाता है, लेकिन इसे सही तरीके से अप्लाई करना जरूरी है, तभी यह परफेक्ट दिखता है।

हाथों का रखें ख्याल

यदि आपके हाथ रूखे होंगे तो कितनी भी अच्छी नेल पॉलिश क्यों न लगा लें, उसकी खूबसूरती उभरकर नहीं आएगी। इसलिए समय-समय पर मेनिक्योर कराती रहें, इससे हाथ और नाखून दोनों साफ और सुंदर रहते हैं और नेल पेंट का रंग उभरकर दिखता है।

नाखून को शेप

ब्यूटी एक्सपर्ट्स के अनुसार, नेल पॉलिश लगाने से पहले नाखून काटने के साथ ही उसे सही शेप देना भी जरूरी है। साथ ही नाखून को सुखाना भी जरूरी है, क्योंकि गीले नाखून पर नेल पेंट लगाने से कोट अच्छी तरह नहीं चढ़ता है और वह जल्दी छूट जाता है।

बेस कोट

यदि आप चाहती हैं नेल पेंट का रंग सही तरह से चढ़े, तो पहले ट्रांस्पेरेंट बेस कोट लगाना जरूरी है। नेल पेंट को ब्रश से पहले नाखून के बीच से लगाना शुरू करें और फिर पूरे नाखून पर लगाकर अच्छी तरह सुखा लें।

पहला कोट लगाएं

ब्यूटी एक्सपर्ट्स के अनुसार, जब ट्रांस्पेरेंट बेस कोट सूख जाए, तब अपनी पसंद की कोई भी नेलपॉलिश लगाएं। पहला कोट लगाने के बाद जब वह अच्छी तरह सूख जाए, तो आप चाहे तो दूसरा कोट लगा सकती हैं। इसे अच्छी तरह सेट करने के लिए आप बर्फ के पानी में उंगलियां डुबोकर रखें। इससे नेल पॉलिश में चमक आ जाएगी।

किनारों को साफ कर लें

यदि नेल पॉलिश लगाते समय किनारों में फैल गई है, तो उसे रिमूवर से साफ कर लें।

इन बातों का भी रखें ध्यान

- आप नेल पेंट को जल्दी सुखाना चाहती हैं, लेकिन इसके लिए पंखा चालू करके नेल पॉलिश न लगाएं, वरना नेल पेंट सूख जाएगा।
- यदि पहला कोट ठीक से नहीं लगा है, तो दूसरा कोट अप्लाई करे वह स्मूद दिखने लगेगा।
- नेल पॉलिश रिमूव करने के बाद कुछ दिनों तक नाखूनों को ऐसे ही रहने दें और नेल क्रीम लगाएं, इससे नाखूनों की चमक बढ़ेगी।
- पैर की उंगलियों में नेल पॉलिश लगाते समय दो उंगलियों के बीच में कॉटन लगा ले, इससे नेल पेंट फैलेगा नहीं।
- नेल पॉलिश लगाने से पहले बोतल को अच्छी तरह शेक कर लें।
- हमेशा अच्छी क्वालिटी की नेल पॉलिश ही इस्तेमाल करें, जो ज्यादा दिनों तक टिकती है और नाखूनों को नुकसान नहीं पहुंचाती।

'पुष्पा 2' में दिखेगी श्रीवल्ली 2.0

साउथ फिल्मों की फेमस एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना जल्द ही 'पुष्पाः द रूल' में अल्लू अर्जुन के साथ नजर आएंगी। इस फिल्म में भी वो श्रीवल्ली का किरदार निभा रही हैं। लेकिन रश्मिका इस बार अलग अवतार में नजर आएंगी। पहले पार्ट में फैंस की शिकायत थी कि एक्ट्रेस को कम स्क्रीन स्पेस मिला लेकिन इस बार इसकी भरपाई होती नजर आ रही है। एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना सुकुमार की 'पुष्पाः द रूल' में पुष्पा राज की पत्नी श्रीवल्ली के रोल में फिर से वापसी करने के लिए तैयार हैं। एक इंटरव्यू रश्मिका ने बताया कि 'सहजता' के कारण उन्हें श्रीवल्ली का किरदार निभाना 'चैलेंजिंग और मजेदार' लगा। मैं पुष्पा में अपने किरदार श्रीवल्ली को नहीं जानती थी क्योंकि मुझे कहानी नहीं पता थी। मैं उसे एक कलाकार के तौर पर नहीं जानती थी। मुझे नहीं पता था कि उसे कैसे निभाना है, मुझे नहीं पता था कि हम किस दुनिया में जा रहे हैं। मुझे कुछ भी पता नहीं था। इसलिए, सेट पर हर दिन एक खेल के मैदान में जाने जैसा महसूस होता था।' Pushpa The Rule के साथ, Rashmika Mandanna का कहना है कि वह उस कैरेक्टर और जिस दुनिया में रहती हैं, उसके बारे में अधिक जानती हैं। हालांकि, उन्होंने कहा कि वह ज्यादा कुछ नहीं बता सकतीं लेकिन उन्होंने सीक्वल में अपने किरदार को 'सुपर सॉर्टेड' बताया। रश्मिका ने कहा, 'पुष्पा 2 में श्रीवल्ली बहुत सुलझी हुई है। अब मैं उस दुनिया को जानती हूं जिसमें हम रह रहे हैं, मैं उस किरदार को जानती हूं जो मैं निभा रही हूं और अब यह श्रीवल्ली 2.0 है, मैं कह सकती हूं।'

पार्ट 1 में रश्मिका को मिला था कम स्क्रीन स्पेस, इस बार फैंस नहीं होंगे खफा

एल्विश यादव ने खरीदी तीन करोड़ की मर्सिडीज

यूट्यूबर एल्विश यादव किसी न किसी वजह से खबरों की हैडलाइन बने रहते हैं। पिछले दिनों सांप के जहर की तस्करी करने के मामले में उन्हें गिरफ्तार किया गया था। अब खबर है कि यादव ने करोड़ों की मर्सिडीज खरीद ली है। हालांकि, इस खबर पर सोशल मीडिया यूजर्स को कम ही यकीन हो रहा है। दरअसल, एल्विश की गिरफ्तारी के दौरान उनके पिता ने इंटरव्यू में खुलासा किया था कि उनके बेटे पास सिर्फ किराये की गाड़ियां हैं। वो भी यूट्यूब वीडियो के लिए ली जाती हैं। इसके अलावा उनकी कमाई पर भी बड़ा खुलासा किया था। ऐसे में करोड़ों की गाड़ी ली जाने वाली खबर पर यूजर्स हंसी उड़ा रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक एल्विश ने मर्सिडीज जी वैगन खरीदी है जिसकी कीमत 3 करोड़ से ज्यादा की बताई जा रही है। हालांकि, एल्विश के पिता रामावतार यादव के पुराने बयान के अनुसार ये गाड़ी किराये की भी हो सकती है। पिता रामावतार ने बेटे की गिरफ्तारी के दौरान कहा था 'कि बेटा यूट्यूब वीडियो में अपने स्टंट दिखाने के लिए पुरानी कारों को किराये पर लेता था और उन्हें अपनी नई कारें बताया था। पिता ने ये भी बताया था कि उनका बेटा वीडियो शूट करने के लिए दोस्तों से कारें उधार लेता था और शूटिंग करने के बाद वापस कर दिया करता था। साथ ही ये भी साफ किया था कि उनके पास कोई भी जमीन या दुबई में कोई अपार्टमेंट नहीं है। ऑनलाइन वीडियोज के जरिये ही वो कमाई करते हैं।

पार्थ समथान के साथ रोमांटिक होतीं दिखीं ईशा मालवीय

बिग बॉस 17 में नजर आई ईशा मालवीय को उनके गेम के लिए पसंद किया गया था। शो से बाहर आने के बाद एक्ट्रेस ने एक लंबा ब्रेक लिया और अब टीवी सीरियल्स की जगह म्यूजिक वीडियो पर फोकस कर रही हैं। एक्ट्रेस के नए म्यूजिक वीडियो में एक्टर पार्थ समथान के साथ नजर आने वाली हैं। इस गाने की शूटिंग कुछ समय पहले ही शुरू हो गई थी। दोनों के इस गाने का बिहाइंड द सीन वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो में ईशा को पार्थ के साथ रोमांटिक होते देखा जा सकता है। ईशा मालवीय और पार्थ समथान को लेकर सोशल मीडिया पर क्रेज देखा गया है। दोनों का ही बड़ा फैन बेस है। ऐसे में इस जोड़ी को साथ किसी म्यूजिक वीडियो में रोमांस करते देखना इनके फैंस के लिए किसी ट्रीट से कम नहीं है। दोनों के पहले गाने का बिहाइंड द सीन वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें ईशा और पार्थ एक दूसरे के साथ कोजी होते देखे जा सकते हैं। दोनों सॉंग के एक सीन के लिए बालकनी के बाहर खड़े रोमांस कर रहे हैं। कैसी हैं ये यारियां से मशहूर हुए पार्थ समथान को खूब पसंद किया गया था। इस शो के बाद एकता कपूर के शो कसौटी जिंदगी की 2 के लिए पार्थ नए अनुराग बसु बन कर सामने आए थे। इस शो में इनकी प्रेरणा के किरदार में एरिका फर्नांडिस थीं। दोनों की जोड़ी इतनी हिट हुई कि इनके अफेयर की खबरें आम हो गई थीं। अब पार्थ एक्ट्रेस ईशा के साथ नजर आ रहे हैं। ईशा बिग बॉस 17 में अपने एक्स और प्रेजेंट बॉयफ्रेंड को लेकर खबरों में रही थीं। अब ईशा और पार्थ के म्यूजिक वीडियो का इंतजार हो रहा है।

जान्हवी का डेब्यू से पहले का वीडियो वायरल

बॉलीवुड में कई एक्ट्रेस आज कामयाबी की बुलंदियों पर हैं, इसकी वजह उनकी ग्लैमरस बॉडी और एक्टिंग है। हालांकि कुछ एक्ट्रेसेस ऐसी भी हैं, जिन्हें अगर आपने कुछ साल पहले देख लिया होता तो आप यकीन नहीं कर पाते कि वो एक दिन बॉलीवुड की सबसे हसीन अदाकाराओं में से एक होंगीं। जान्हवी कपूर का नाम भी ऐसी ही ऐक्ट्रेसेस में शामिल है, जिनकी एक झलक के लिए आज लाखों लोग पागल हैं। जाह्नवी आज सोशल मीडिया सेंसेशन हैं, लेकिन कुछ साल पहले ऐसा नहीं था। उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, आप पहली नजर में उन्हें नहीं पहचान पाएंगे। जान्हवी कपूर का ये वीडियो कई साल पुराना है, जिसमें वो अपनी मां श्रीदेवी के साथ नजर आ रही हैं। ये एक प्रेस कॉन्फ्रेंस है जहां पर श्रीदेवी और उनकी बेटी जाह्नवी कपूर बैठी हुई हैं। तभी रिपोर्टर जाह्नवी से कुछ सवाल करने लगते हैं, उनके एक्टिंग करियर को लेकर भी सवाल पूछा जाता है। इस दौरान देखा जा सकता है कि जाह्नवी को हिंदी बोलने में भी परेशानी हो रही है। वो ठीक से नहीं बोल पाती हैं कि वो अभी पढ़ाई कर रही हैं। इसके बाद बाकी का जवाब जान्हवी अंग्रेजी में देती हैं। इस वीडियो में जान्हवी की उम्र करीब 16-17 साल की लग रही है। वीडियो में उन्हें पहचान पाना भी मुश्किल है, क्योंकि जाह्नवी तब एकदम अलग दिखती थीं।

अंजुम फकीह ने कराई सर्जरी

टीवी सीरियल 'कुंडली भाग्य' की एक्ट्रेस अंजुम फकीह को लेकर परेशान करने वाली खबर सामने आई है। उन्हें एक सर्जरी के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। एक्ट्रेस ने अपनी तस्वीरें शेयर कर हेल्थ अपडेट दिया है। उन्होंने एक दिन पहले ही पूरे परिवार के साथ ईद सेलिब्रेट की जिसकी तस्वीरें उन्होंने पोस्ट की थी। सभी बेहद खुशहाल नजर आए। अचानक उनकी बिगड़ी तबीयत देखकर फैन्स भी परेशान हो गए। अंजुम ने इंस्टाग्राम पर अस्पताल से दो तस्वीरें शेयर करते हुए एक नोट शेयर किया और बताया कि अब उनका स्वास्थ्य कैसा है। एक छोटी सी सर्जरी के बाद अभी वह रिकवरी कर रही हैं। उन्होंने एक फोटो शेयर की जिसमें उनके हाथों में ड्रिप लगी हुई है और वह थम्स अप कर रही हैं। दूसरी फोटो सेल्फी है। वह बेड पर लेटी हैं। एक्ट्रेस ने मजाकिया कैप्शन लिखा जिससे मालूम पड़ता है कि वह तेजी से ठीक हो रही हैं। उन्होंने बताया कि छोटी सी सर्जरी थी और सब अच्छे तरीके से हो गया। पिछले साल अंजुम फकीह ने 'खतरों के खिलाड़ी 13' में हिस्सा लिया था। शो के दौरान उन्हें चोट भी लग गई थी। उनके दोनों घुटने जख्मी हो गए थे। वह 'कुंडली भाग्य' में भी नजर आईं। उन्होंने शो में सृष्टि अरोड़ा लूथरा का रोल किया था। इसके अलावा वह 'माही वे', 'तेरे शहर में', 'टाइम मशीन', 'देवांशी', 'बड़े अच्छे लगते हैं-2' सहित अन्य शो में काम किया।

अपने काम के लिए बटोर रही हैं प्रशंसा

विद्या बालन

एक प्रयोगात्मक अभिनेत्री के रूप में जानी जाने वाली विद्या बालन अपने काम के लिए प्रशंसा बटोर रही हैं। उनके चयनात्मक कार्य के कारण दर्शक उनके प्रत्येक कार्य को लेकर उत्सुक रहते हैं। वे उनकी आने वाली फिल्म 'दो और दो प्यार' को लेकर भी उत्सुक हैं। इस मौके पर एक्ट्रेस ने खास बातचीत की।

अभिनेत्री विद्या बालन को हमेशा से ही आकर्षक काम करने का शौक रहा है। वह बहुत सोच-समझकर भूमिकाएं और काम चुनती हैं। यही कारण है कि दर्शक उनकी हर कलाकृति को लेकर उत्सुक रहते हैं।

'दो और दो प्यार' उनकी आने वाली फिल्म है। शीर्षक से ही दर्शकों में फिल्म के विषय को लेकर उत्सुकता है। ये टाइटल खुद विद्या बालन ने दिया है।

फिल्म का नाम क्या होना चाहिए, इस पर चर्चा करते हुए मुझे यह नाम सूझा। इसलिए मुझे खुशी है कि मेरे द्वारा सुझाया गया नाम फिल्म को दिया गया है।

फिल्म 'दो और दो प्यार' अमेरिकी फिल्म 'द लवर्स' पर आधारित है। हॉलीवुड फिल्मों पर आधारित हिंदी फिल्में बनाने का चलन नया नहीं है। विद्या ने कहा, फिल्म निर्माता एक ऐसी फिल्म बनाने पर ध्यान केंद्रित करते हैं जो अंग्रेजी कोड के मूल को बनाए रखते हुए भारतीय दर्शकों को पसंद आए। अब तक कई हॉलीवुड फिल्मों का हिंदी में रूपांतरण हो चुका है। वे फिल्में दर्शकों के बीच लोकप्रिय भी हुई हैं।

फिल्मों के साथ-साथ विद्या की सोशल मीडिया रील्स भी फैन्स को काफी पसंद आती हैं। हर किसी ने उनके हास्य के समय का अनुभव किया है। खासकर अलग-अलग भाषाओं में उनकी रील्स लोकप्रिय हैं. इसमें वह मराठी में भी रील बनाती हैं।

विद्या ने इससे पहले मराठी फिल्म 'एक अलबेला' में काम किया था। जब उनसे पूछा गया कि क्या वह अपनी मराठी रील देखने के बाद दोबारा किसी मराठी फिल्म या नाटक में नजर आएंगी, तो उन्होंने कहा, 'नाटक में काम करना चुनौतीपूर्ण है। किसी नाटक पर काम करते समय, अक्सर रीटेक की आवश्यकता होती है। जो संभव नहीं है। लेकिन मैं दोबारा मराठी फिल्म में काम करने के लिए उत्सुक हूं। इतना ही नहीं, मैं अपने किरदार को किसी और द्वारा आवाज देने के बजाय खुद मराठी में संवाद बोलना पसंद करूंगा।'

अभिनेत्री विद्या बालन को हमेशा से ही आकर्षक काम करने का शौक रहा है। वह बहुत सोच-समझकर भूमिकाएं और काम चुनती हैं। यही कारण है कि दर्शक उनकी हर कलाकृति को लेकर उत्सुक रहते हैं।

2047 के विकसित भारत का रोडमैप है भाजपा का संकल्प-पत्र : बीएल वर्मा

नोएडा (चेतना मंच)। भारतीय जनता पार्टी का जारी किया गया चुनावी

घोषणा-पत्र सरकार का एक संकल्प-पत्र है। यह संकल्प पत्र-2027 के विकसित भारत का एक रोडमैप है। यह बात कही केन्द्रीय उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास तथा सहकारिता राज्यमंत्री बीएल वर्मा ने। वे सेक्टर-27 स्थित कैलाश सभागार में पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे।

केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा ने बताया की भारतीय जनता पार्टी का संकल्प पत्र 76 पन्नों का है। घोषणा-पत्र समिति को करीब 15 लाख सुझाव मिले हैं। इस संकल्प पत्र कन 24 समूह में बाँटा है। 10 सोशल ग्रुप में गरीब, युवा,मद्यम वर्ग, मछुआरे, वंचित वर्ग, सीमनयर सिटीजन, पिछड़े एवं कमजोर वर्ग शामिल हैं। वहीं, गवनेंस को 14 सेक्टरमें बाँटा गया हैं। इनमें भारत के अन्य देशों से संबंध, आंतरिक एवं बाहरी सुरक्षा, समृद्ध भारत, ईज ऑफ लिविंग, विरासत का विकास, गुड गवनेंस, सुशासन, स्वस्थ भारत, शिक्षा, खेल, सभी सेक्टर्स का विकास, इननवेशन और टेंक्ननलॉजी और पर्यावरण को रखा है।

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने 2014 और 2019 में प्राप्त पूर्ण बहुमत को गांव, गरीब, वंचित, दलित, महिला, युवा और किसान को समर्पित किया। उनके शरीर का कण-कण और जीवन का क्षण-क्षण राष्ट्र का विकास और गरीब कल्याण के प्रति समर्पित है। डॉ. श्याम प्रसाद मुखर्जी ने 1952 में जिस विचार को साझा किया और पंडित दीन दयाल उपाध्याय जी ने आगे बढ़ाया, भारतीय जनता पार्टी का 'संकल्प पत्र' उसी वैचारिक अधिष्ठान का पर्याय है। भाजपा का संकल्प पत्र एनडीए सरकार की उपलध्धियों का एक व्यापक अवलोकन प्रदान करता है और 2047 तक एक विकसित भारत के निर्माण का दृष्टिकोण प्रस्तुत करता है।

भाजपा का संकल्प अगले 5 वर्षों तक मुफ्त राशन, गैस कनेक्शन और पीएम सूर्य घर से जीरो बिजली बिल का सपना होगा साकार, फिर एक बार मोदी सरकार। भाजपा सरकार में पारदर्शी परीक्षाओं से लाखों युवाओं को दिया रोजगार, भाजपा ने पेपर लीक पर कड़ा कानून बनाया है और अब इस कानून को लागू किया जाएगा। युवाओं को देंगे बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर, निवेश अपार, स्टार्टअप्स की भरमार, टूरिज्म और स्पोर्ट्स में खुलेंगे रोजगार के द्वार मुद्रा योजना, स्वनिधि, डिजिटल क्रेडिट से स्वरोजगार के भी अवसर मिलेंगे।

मुद्रा लोन की योजना 10 लाख से बढ़ाकर 20 लाख किया गया। वहीं, 5 लाख तक मुफ्त इलाज जारी रहेगा। 3 करोड़ लखपति दीदी बनाना सरकार का टारगेट है। आयुष्मान के दायरे में ट्रांसडजेंडर आएंगे। छोटे कस्बों में स्वनिधि योजना का विस्तार होगा।

इस मौके पर भाजपा के महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता, महामंत्री उमेश त्यागी, उपाध्यक्ष मनीष शर्मा, मीडिया प्रभारी तन्मय शंकर, सांसद प्रतिनिधि संजय बाली, भाजपा के कोषाध्यक्ष विनोद शर्मा भी मौजूद थे।

सेक्टर-79 में चला बाबा का बुल्डोजर

95 करोड़ रुपए की 12 हजार वर्गमीटर जमीन मुक्त कराई

नोएडा (चेतना मंच)। नोएडा प्राधिकरण का अवैध निर्माण हटाने का अभियान निरंतर जारी है। सोमवार को

प्राधिकरण की टीम ने 12 हजार वर्गमीटर जमीन को अवैध निर्माण से मुक्त कराया। इस जमीन की कीमत करीब 95 करोड़ रुपए आंकी जा रही है। ये जमीन प्राधिकरण के मास्टर प्लान के अनुसार नियोजित है। इसमें विकास परियोजना का निर्माण होना है। ध्वस्तीकरण की ये कार्यवाही वर्क सर्किल-6 की ओर से की गई।

प्राधिकरण ने बताया कि जेसीबी और स्थानीय पुलिस बल की मदद से अभियान सेक्टर-79 में चलाया गया। यहां खसरा नंबर-770 को चारो ओर से घेरकर उसकी बाउडरी कर ली गई थी। साथ ही अंदर प्लाटिंग की जा रही थी। प्राधिकरण के संज्ञान में आते ही जेसीबी, पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और ध्वस्तीकरण किया गया। साथ ही अतिक्रमण कर्ताओं को चेतावनी दी कि दोबारा ऐसा किया तो कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम ने लोगों से अपील की कि वह कॉलोनाइजरों के बहकावे में नहीं फंसे। अन्यथा अपने जीवन भर की पूंजी डुबा देंगे। इसलिए जमीन खरीदने से पहले नोएडा प्राधिकरण में चेक करा ले। बता दे प्राधिकरण ने एक महीने में 12 स्थलों से अवैध निर्माण को हटाया गया। जिसमें 17 खसरों की करीब 56 हजार 885 वर्गमीटर जमीन जमीन है। ये जमीन सदरपुर, ममूरा, सोरखा, सलरपुर, असदुल्लापुर, मोहियापुर , गढ़ी समस्तीपुर , गुलावली गांव की है। इसकी लागत करीब 236.80 95 करोड़ रुपए आंकी जा रही है।

जयंत चौधरी ने राष्ट्रहित में लिया फैसला : प्रियंका अत्री

नोएडा (चेतना मंच)। राष्ट्रीय लोक दल की प्रदेश प्रवक्ता एडवोकेट प्रियंका

अत्रि ने कहा की राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष राज्यसभा सांसद जयंत सिंह ने एनडीए के साथ गठबंधन करके राष्ट्रीय हित में फैसला लिया है। राष्ट्रीय लोक दल पार्टी पूरी तरह से राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ है और चुनावी पर्व में राष्ट्रीय लोकदल का प्रत्येक कार्यकर्ता जी तोड़ मेहनत कर एनडीए के प्रत्याशियों को जिताने के काम में जुटा है।

रालोद नेत्री ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की तरह कार्य करते हुए निर्णय लेते हैं। बागपत विधानसभा से एक ऐसे साधारण कार्यकर्ता को टिकट दिया जो चौधरी चरण सिंह के समय से पार्टी से जुड़े हुए थे।

उन्होंने कहा कि जयंत चौधरी किसानों के मसीहा चरण सिंह की विरासत को पूरी निष्ठा व कर्तव्य के साथ आगे बढ़ा रहे हैं और एनडीए गठबंधन का नेतृत्व कर रही भाजपा सरकार तथा देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न से सम्मानित करके जो गौरव का कार्य किया है उससे किसान बिरादरी और पूरे देश में बहुत ही उत्साह का माहौल है।

'स्कूली छात्रों के लिए ऑटो, ई-रिक्शा सुरक्षित नहीं'

नोएडा (चेतना मंच)। हरियाणा में बीते दिनों स्कूली बस के हादसे में 6 बच्चों की मौत के बाद नोएडा का प्रशासन भी सतर्क हो गया है। परिवहन विभाग गौतमबुद्धनगर द्वारा विद्यालयों में संचालित बसों, ऑटो ई-रिक्शा के विरुद्ध विशेष चेकिंग चलाते हुए प्रवर्तन की कार्यवाई की गई।

7 टेम्पो, 14 ई-रिक्शा व 8 स्कूल बसों पर कार्यवाही

अभियान में 7 टेंपो, 14 ई-रिक्शा और 8 स्कूल बसों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। टेंपो और ई-रिक्शा में कई चालक बिना ड्राइविंग लाइसेन्स के, बिना गाड़ी के फिटनेस के वाहन संचालित करते पाये गये।

सहायक संभागीय परिवह अधिकारी डॉ उदित नारायण पाण्डेय ने बताया कि ऑटो और ई-रिक्शा विद्यार्थियो के आवागमन के लिए सुरक्षित नहीं हैं। सुरक्षा के लिए ग्रिल न होने, बंद बाडी न होने से इनमें स्कूल के बच्चों को ले जाना जोखिम भरा है, साथ ही क्षमता से अधिक बच्चों को ढोना भी दुर्घटना की सम्भावनाओं को कई गुना बढ़ाता है। डॉ पाण्डेय ने बसों के अंदर जाकर विद्यार्थियों से भी वार्ता कर उन्हें बताया कि यदि चालक वाहन चलाते समय मोबाइल से बात करे, ओवर स्पीड करें, अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करें तो उसकी सूचना विद्यालय और माता-पिता को अवश्य दें। बच्चे बस से बाहर अपने शरीर का कोई अंग ना निकलें, चढ़ते -उतरते समय पूरी सावधान रखें। चलती बस में चढ़ना उतरना खतरनाक है।

अभियान में ArtoEx विपिन चौधरी और pto राजेश मोहन द्वारा भी प्रवर्तन की कार्यवाही की गई।

द श्री राम यूनिवर्सल स्कूल में अग्नि सेवा सप्ताह मनाया

नोएडा (चेतना मंच)। ग्रेटर नोएडा स्थित द श्री राम यूनिवर्सल स्कूल में अग्नि सेवा सप्ताह

अभियान के दौरान छात्र-छात्राओं को फायर ड्रिल प्रशिक्षण का अभ्यास कराया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं को आग से बचाव तथा उससे निपटने के बारे में जानकारी दी गई। इस मौके पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता के विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत भी किया गया। फायर स्टेशन अधिकारी अजय कुमार सिंह व उनकी टीम द श्री राम यूनिवर्सल स्कूल पहुंची। अग्निशमन विभाग की टीम ने कृत्रिम आग जलाकर छात्र-छात्राओं को फायर ड्रिल प्रशिक्षण का अभ्यास कराया। इस फायर ड्रिल में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया और आग बुझाने संबंधी उपायों के बारे में जानकारी ली। अग्नि सेवा सप्ताह के तहत स्कूल में आयोजित फायर सेफ्टी पर पोस्टर और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस प्रतियोगिता में कक्षा 6 अ की छात्रा अन्वेषा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा 5 अ की छात्रा दिलाशा और गौरांगी ने तीसरा और दूसरा स्थान प्राप्त किया। विजेता छात्राओं को फायर स्टेशन अधिकारी अजय कुमार सिंह विद्यालय के अध्यक्ष योगिंदर सिंह और विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती ज्योति रॉय ने पुरस्कृत कर उनकी हौंसला अफजाई की।

सामान्य प्रेक्षक ने किया पिंक बूथ का निरीक्षण

नोएडा (चेतना मंच)। सामान्य प्रेक्षक सिमरनदीप सिंह ने विश्व भारती स्कूल सेक्टर-28 नोएडा में पहुंचकर पिंक बूथ का स्थलीय निरीक्षण किया। पिंक बूथ पर सभी महिला मतदान कार्मिकों की ड्यूटी रहेगी। उन्होंने निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों से कहा कि बूथ पर आने जाने वाले सभी रास्ते एवं बूथ के अंदर प्रकाश आदि की व्यवस्था को पूर्व में ही सुनिश्चित करा ले।

सामान्य प्रेक्षक ने संबंधित अधिकारियों से कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित की गई सभी सुविधाएं बूथ पर समय रहते सुदृढ़ कर ली जाए। उन्होंने कहा कि जिन मतदान कार्मिकों की ड्यूटी मतदान केन्द्र पर लगाई गई है, उनके लिए बिजली, पानी आदि की समस्त सुविधाएं मुहैया कराई जाए। उन्होंने मतदान केंद्र व बूथ पर साइन बोर्ड, रैंप, बैरिकेडिंग आदि की व्यवस्था समय रहते कर ली जाए ताकि, मतदान के दिन मतदाताओं को कोई समस्या न हो। उन्होंने इस अवसर पर बीएलओ द्वारा घर-घर मतदाता पर्ची वितरण कार्य की स्थिति का भी अवलोकन किया। उन्होंने बीएलओ से कहा कि सभी मतदाताओं की मतदाता पर्ची समय रहते मतदाताओं तक पहुंचा दी जाए, ताकि मतदान के दिन मतदाताओं को कोई समस्या ना हो।

लोकतंत्र के पर्व में बुजुर्गों का उत्सव

नोएडा (चेतना मंच) ।नोएडा (गौतमबुद्ध नगर) लोकसभा सीट के नोएडा, दादरी और जेवर विधानसभा क्षेत्र में 85 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्ग मतदाताओं के साथ 40 प्रतिशत दिव्यांगता वाले मतदाताओं ने पोस्टल बैलेट से मतदान किया। सुबह 7 बजे से मतदान शुरू हो गया जो शाम 6 बजे तक चला। नोएडा, जेवर व दादरी में पोस्टल बैलेट से मतदान संपन्न कराने के लिए रूट चार्ट तैयार कर लिया गया है। यह मतदाता आज भी मतदान कर सकेंगे।

नोएडा (गौतमबुद्ध नगर) लोकसभा सीट की तीनों विधानसभा में 85 वर्ष से अधिक उम्र के 706 बुजुर्ग और 442 दिव्यांगों ने ही पोस्टल बैलेट से मतदान करने की स्वीकृति दी है। गौतमबुद्ध नगर जिले में बुजुर्ग वोटरों की संख्या 11488 और दिव्यांग मतदाता 9562 हैं। ऐसे में पोस्टल बैलेट से वोट देने का आंकड़ा काफी कम है।

मतदान कर्मचारियों को प्रशिक्षण के दौरान रूट चार्ट उपलब्ध करा दिए हैं। उसके हिसाब से ही मतदानकर्मी बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं के घर-घर जाकर मतदान संपन्न कराएंगे। घर-घर जाकर मतदान कराने के लिए एक टीम में पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी, माइक्रो ऑब्जर्वर और विडियोग्राफर के साथ दो पुलिसकर्मी शामिल होंगे। रूट चार्ट के हिसाब से स्वीकृति देने वाले हर एक बुजुर्ग और दिव्यांग के घर मतदानकर्मी जाएंगे। यदि ऐसे मतदाता किसी वजह से दो दिन वोट नहीं डाल सकते तो इसके बाद वह 26 अप्रैल को बूथ पर पहुंचकर वोट डाल सकेंगे। सोमवार को पोस्टल बैलेट से मतदान के दौरान सेक्टर-44 के निवासी आशा सूद (86 वर्ष) तथा एके सूद (88 वर्ष) ने भी पोस्टल बैलेट से मतदान किया।

नोएडा (गौतमबुद्ध नगर) लोकसभा सीट की तीनों विधानसभा में पोस्टल बैलेट से चुनाव संपन्न कराने के लिए 20 टीमों का गठन किया गया है। मतदाता कर्मियों को बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं तक पहुंचाने का काम बीएलओ के साथ लेखपाल का होगा। बुजुर्ग और दिव्यांगों के मतदान करने के दौरान निर्वाचन विभाग विडियोग्राफी भी कराएगा। मतदान करने के पश्चात मतदाता पोस्टल बैलेट को लिफाफे में बंद करके मतदानकर्मी को सौंपेंगे। इसके बाद मतदानकर्मी पोस्टल बैलेट को ट्रेजरी के स्ट्रॉन्ग रूम में रख देंगे।

जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने बताया कि नोएडा (गौतमबुद्ध नगर) लोकसभा सीट की तीनों विधानसभा में 85 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिक, दिव्यांग, कोविड पॉजिटिव मतदाता सोमवार (आज) और मंगलवार (कल) घर से ही पोस्टल बैलेट से मतदान करेंगे। इसके लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं।

डीएम मनीष कुमार वर्मा ने बताया कि 85 वर्ष से अधिक आयु के लोगों और विशेष रूप से सक्षम लोगों के लिए होम वोटिंग शुरू हो गई है। चुनाव आयोग द्वारा दूसरे चरण का प्रशिक्षण भी शुरू हो गया है। सभी राजनीतिक दलों और उनके उम्मीदवारों को सभी प्रक्रियाओं की जानकारी दे दी गई है।